


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 67 | कोरबा, रविवार , दिनांक 07 दिसम्बर 2025 डाक 08 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

## गोवा अग्निकांड : तेज धमाका, डीजे-डांसर के चलते बढ़ी भीड़, 25 लोगों की मौत

**गोवा, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

**गोवा के नाइटक्लब में लगी आग में मृतकों का आंकड़ा 25 हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है और सीएम प्रमोद सावंत से बात की है। गोवा के अरपोरा इलाके में स्थित नाइटक्लब बिर्क में देर रात आग लग गई। नाइटक्लब के किचन में सिलेंडर ब्लास्ट के चलते आग लगी और तेजी से फैली, जिसके चलते लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। शुरुआती जांच में पता चला है कि नाइटक्लब में आग से बचाव के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।**

गोवा पुलिस ने एक बयान में बताया कि उत्तरी गोवा के अरपोरा में बिर्क बाय रोमियो लेन में भीषण आग लगी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में चार पर्यटक है और 14 नाइटक्लब के कर्मचारी और सात की पहचान होना अभी बाकी है। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। हादसे की वजह की जांच की जा रही है। पुलिस और अग्निशमन विभाग मिलकर जांच में



जुटे हैं। नाइटक्लब के सिक्योरिटी गार्ड संजय कुमार गुप्ता ने बताया हादसा रात करीब 11 से 12 बजे के बीच हुआ। अचानक से आग लगी, उस वक्त मैं गेट पर था। एक डीजे और डांसर नाइटक्लब में परफॉर्म करने वाले थे, जिसके चलते भारी भीड़ थी। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया जब मैं घर जा रहा था तो मैंने तेज धमाके की आवाज सुनी। बाद में हमने मौके पर एक एंबुलेंस को आते देखा। जब हम घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां हादसा पहले ही हो चुका था। एक अन्य सिक्योरिटी गार्ड ने बताया, हमने एक तेज धमाके की आवाज सुनी, बाद में हमें पता चला कि सिलेंडर में धमाके की वजह से आग लगी। हादसे के तुरंत बाद सीएम प्रमोद सावंद ने घटनास्थल का दौरा किया। सीएम ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की दम घुटने से मौत हुई और मरने वाले अधिकतर नाइटक्लब के कर्मचारी हैं।

एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, हम नजदीक में ही थे, लेकिन हमने रात को नहीं देखा। मैंने आज सुबह खबर देखी और तुरंत यहां पहुंचा। पिछली रात हमें सिर्फ बहुत तेज सायरन की आवाज सुनाई दी, लेकिन हमें समझ नहीं आया कि क्या हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे सुबह खबर लगी तो मैं यहां दौड़ा चला आया। हमने सोचा सड़क पर कुछ हुआ होगा, ज्यादा गंभीर कुछ नहीं, लेकिन सुबह पता चला कि इतनी बड़ी त्रासदी हो गई।

सभी छह घायल लोगों की हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं, ताकि कारण का पता लगाया जा सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। सीएम ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## जशपुर में तेज रफ्तार कार ट्रेलर में घुसी, कार के उड़े परखच्चे, वाहन में सवार पांच की मौत



**जयपुर, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कटनी-गुमला नेशनल हाईवे नंबर 43 पर देर रात हुए भीषण हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहलाकर रख दिया है। दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली में एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच युवकों की मौके पर मौत हो गई।

घटना में शामिल कार तेज रफ्तार में थी और सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से सीधे टकरा गई। हादसे का मंजर इतना भयावह था कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। दुलदुला थाना प्रभारी केके साहू ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक सभी खटंगा गांव (दुलदुला क्षेत्र) के निवासी थे। मृतकों की पहचान राधेश्याम यादव 26 वर्ष पिता रामप्रसाद यादव, उदय कुमार चौहान 18 वर्ष पिता कृष्ण चौहान, सागर तिर्की 22 वर्ष पिता रफेल तिर्की अंकित तिग्गा 17 वर्ष पिता दिलीप तिग्गा और दीपक प्रधान 19 वर्ष पिता अमर प्रधान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सभी युवक आस्ता थाना क्षेत्र के एक मेले से वापस लौट रहे थे। रास्ते में अचानक यह दर्दनाक हादसा हो गया।

मृतक राधेश्याम यादव के बड़े भाई महेश्वर यादव ने बताया कि सभी दोस्त देर रात तक साथ थे और घर की ओर लौटते समय यह दुर्घटना हुई। वहीं मृतक दीपक प्रधान अपने परिवार का इकलौता सहारा था, जिसकी मौत से घर पर मातम पसर गया है। पोस्टमार्टम और कानूनी प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। हादसे की वजह कार चालक की तेज रफ्तार मानी जा रही है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्रियों ने किया जवानों को सलाम



**नई दिल्ली।** देश में रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्रियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और भारतीय सशस्त्र बलों के वीर कर्मियों को उनके बेजोड़ साहस, वीरता और धैर्य के लिए सलाम किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर, मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सलाम करता हूं। उनका साहस हमारे राष्ट्र की रक्षा करता है और उनकी निस्वार्थ सेवा हमें उस ऋण की याद दिलाती है जिसे हम कभी नहीं चुका सकते। मैं सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह करता हूं। आपका समर्थन उनके समर्पण का सम्मान करता है और उन लोगों को मजबूत बनाता है जो हमारी रक्षा करते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जय हिंद की सेना, सशस्त्र बल ध्वज दिवस पर, हम अपने बहादुर सैनिकों, उनके बलिदान और हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। हम देश के प्रति उनकी सेवा के सदैव ऋणी रहेंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सशस्त्र बल ध्वज दिवस पर, हम अपने सैनिकों के बेजोड़ साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं। उनका समर्पण हमारे राष्ट्र को सुरक्षित रखता है, प्रत्येक नागरिक को एकता और सेवा बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत की रक्षा करने वाले वीर नायकों के प्रति कृतज्ञ हूं।

## क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने के लिए मेरे ही समुदाय ने आलोचना की, पूर्व सीजेआई का बयान



**मुंबई।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने कहा है कि अनुसूचित जाति में क्रीमी लेयर सिद्धांत लागू करने का समर्थन करने पर उनके ही समुदाय के लोगों ने उनकी आलोचना की। जस्टिस गवई ने कहा डॉ. आंबेडकर मानते थे कि सकारात्मक कार्रवाई (अफर्मेटिव एक्शन) ऐसा है, जैसे किसी पीछे छूटते व्यक्ति को साइकिल देना। गवई ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को फिर कभी साइकिल नहीं छोड़नी चाहिए, तो मुझे नहीं लगता कि आंबेडकर ऐसा चाहते। जस्टिस गवई हाल ही में मुख्य न्यायाधीश के पद से रिटायर हुए हैं। जस्टिस गवई शनिवार को मुंबई यूनिवर्सिटी में समान अवसर को बढ़ावा देने में अफर्मेटिव एक्शन की भूमिका पर भाषण दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने डॉ. आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आंबेडकर न केवल भारतीय संविधान बल्कि उसमें शामिल अफर्मेटिव एक्शन के भी आर्किटेक्ट थे।

## एमपी-सीजी बॉर्डर में सक्रिय 11 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य की सरहद पर सक्रिय 11 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। मध्य प्रदेश पुलिस के सामने हथियार डाल दिए हैं। आज सीएम के सामने आधिकारिक तौर पर सरेंडर करेंगे। इनमें एमएमसी जोन के केबी डिवीजन का हार्डकोर नक्सली कबीर भी शामिल है। ये बस्तर के सुकमा जिले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि 6 दिसंबर की रात केबी यानी कान्हा-भोरमदेव डिवीजन कमेटी के नक्सली कबीर समेत 11 माओवादी आईजी के पास पहुंच हथियार डाल दिए हैं। सूत्रों की मानें तो ये नक्सली किसी फॉरेस्ट गार्ड की मदद से जंगल से बाहर निकले और सरेंडर कर दिए हैं। इनके आत्मसमर्पण करने के बाद अब एमएमसी जोन का केबी डिवीजन लगभग खत्म हो जाएगा। कबीर सुकमा जिले का रहने वाला है। पिछले कई सालों से वो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ इन राज्यों के बॉर्डर इलाके में सक्रिय था। इन तीनों राज्यों में मोस्ट वांटेड है। उस इलाके में हुई ज्यादातर घटनाओं में ये शामिल रहा है। नक्सली कबीर के साथ उसकी टीम के राकेश, समर उर्फ राजू आत्राम, लालसू, शिल्पा, जयशीला, जरीना, सोनी, जानकी, विक्रम नाम के भी नक्सलियों ने सरेंडर किया है। फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

## रायपुर से आज भी इंडिगो की फ्लाइट नहीं

**रायपुर 07 दिसम्बर।** इंडिगो विमान परिचालन में रुकावट का असर रायपुर के स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी देखने को मिल रहा है। आज इस रुकावट का पांचवा दिन है और आज भी रायपुर के माना एयरपोर्ट से दीगर शहरों के लिए उड़ान भरने वाली और आने वाली फ्लाइट कैंसिल है। जानकारी के अनुसार आज भी रायपुर में फ्लाइट शेड्यूल पूरी तरह गड़बड़ाया हुआ है। बात करें मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की तो यहां भी परिचालन में आंशिक सुधार देखा गया है बावजूद परिचालन पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया है। भोपाल से उड़ने वाली दो फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इनमें मुंबई और बेंगलुरु फ्लाइट शामिल है। दोनों ही उड़ाने ही 11.05 और 11.25 पर है। इसी तरह बेंगलुरु के लिए चल रही फ्लाइट में देर होने की बात कही जा रही है। यह फ्लाइट 8.50 की जगह 9.15 पर पहुंचेगी। इस तरह 13 में से 2 फ्लाइट आज प्रभावित है।



## सर्वमंगला मंदिर घाट पर हुई हसदेव आरती,की मंगल कामनां



**कोरबा ।** नमामि हसदेव सेवा समिति ने गुरुवार को मां सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती की। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर हसदेव नदी की स्वच्छता व संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक वातावरण और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम रहा। हसदेव आरती कार्यक्रम के मुख्य यजमान भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कोरबा के चेयरमेन रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति की लोगों में जनजागरण की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि समाजहित में सत्कार्य भी है।

समिति का भविष्य में हरसंभव सहयोग करेंगे। हसदेव जैसी जीवनदायिनी नदी को बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है और वे इस मुहिम को और मजबूत करने सदैव आगे रहेंगे। जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी और उसके तटों के संरक्षण को समर्पित हसदेव आरती के विशिष्ट यजमान साडा गर्ल्स स्कूल कोरबा के प्राचार्य रणधीर सिंह, मीना अदलखा, जिला ऑटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक रहे।

प्राचार्य सिंह ने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति का यह आयोजन समाज में पर्यावरण चेतना जागृत करने का अनुकरणीय उदाहरण है। समिति की यह सकारात्मक पहल आने वाली पीढ़यों को भी जल संरक्षण और नदी संवर्धन की दिशा में प्रेरित करेगी। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जनसहभागिता ही हसदेव नदी को पुनर्जीवित करने का सबसे प्रभावी मार्ग है। हसदेव आरती में शामिल श्रद्धालु।

## दीपका सीएमओ ने छात्राओं को बांटे बाटल



**कोरबा।** गवर्नमेंट हाई स्कूल विजयनगर को सीआईएसएफ द्वारा गोद लिया गया है। सीआईएसएफ के डीआईजी नकुल वर्मा के प्रयासों से मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपका राजेश गुप्ता ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को पानी बाटल भेंट किया। इस अवसर पर सीएमओ ने बताया कि वे 7 वर्ष तक स्कूल शिक्षा विभाग में व्याख्याता, बीआरसीसी,डाइट व एससीईआरटी में प्रशिक्षक की भूमिका अदा कर चुके हैं। इसी क्रम में उन्होंने संस्था में अतिथि अध्यापक की भूमिका निभाने की इच्छा जताई। प्रधान पाठक सर्वेश सोनी के द्वारा शाला विकास हेतु स्वच्छता कार्यक्रम के लिए सहयोग की अपील की गई। जिसके लिए आवश्यक सामग्री सहयोग के लिए आश्वस्त किया गया।

## अशोक वाटिका में नियमों का बोर्ड लगे

**कोरबा।** कोरबा निगम के नेताप्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अशोक वाटिका के मुख्य द्वार में नियम व शर्तों का बोर्ड लगाने की मांग की है। साहू ने कहा कि कोरबा जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी ने अशोक वाटिका के संचालन व संधारण के लिए निजी फर्म को आवंटित किया है। जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी व फर्म के बीच जिन नियमों और शर्तों के तहत अनुबंध किया है। इसकी जानकारी उपयोगकर्ताओं को हो और उपयोगकर्ताओं को संबंधित शुल्क, समयावधि व नियमों की जानकारी होने पर उन्हें किसी प्रकार की परेशानी या विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी। जनहित में अशोक वाटिका के मुख्य द्वार में सभी जानकारी अंकित कराया जाए।

## ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग बीएसपी-गेवरा ट्रेन रद्द

**कोरबा।** दपूमरे के रायपुर मंडल के निपनिया-भाठापारा स्टेशनों के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरकनेक्टिविटी का काम किया जा रहा है। बिलासपुर से गेवरारोड व गेवरारोड से बिलासपुर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 68734/ 68733 को 6 व 7 दिसंबर को रद्द कर दिया है।बिलासपुर- गेवरारोड, गेवरारोड- बिलासपुर के साथ ही कोरबा से चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर और मेमू को भी रद्द कर दिया है। दो जोड़ी रद्द की गई सवारी गाड़ियों में 6 व 7 दिसंबर को ही कोरबा- रायपुर पैसेंजर, 7 व 8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 58204 रायपुर- कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह 6 व 7 दिसंबर को रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर और 7 व 8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर को रद्द किया है।

## रजिस्ट्री पर लगी रोक अभी नहीं हटाई गई

**कोरबा।** जिले की विडंबना है कि पांच साल बाद भी उरगा-कटघोरा हाईवे के लिए फोरलेन बनाने जमीन फाइनल नहीं हो पाई है। इससे एक साल पहले 51 गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक नहीं हटाई गई है। इन गांवों का विकास थम गया है। अब इस सड़क पर कोल ब्लॉक और लिथियम ब्लॉक आ रहे हैं।

जब तक इनकी सीमा तय नहीं होगी, जमीन अधिग्रहित नहीं कर सकते हैं।नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 2017 में चांपा से कटघोरा के बीच फोरलेन सड़क को दो चरणों में बनाने का निर्णय लिया था। पहले चरण में उरगा से चांपा के बीच सड़क बन चुकी है। यह फोरलेन सड़क बरबसपुर से बालको रिंग रोड पर कुरूडीह मोड़ के पास आकर रुक गई है। दूसरे चरण में उरगा से कटघोरा फोरलेन सड़क बननी है। इसके लिए पहले 999 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। उस समय सड़क की लंबाई 40 किमी थी, लेकिन लोगों ने अधिक मुआवजा पाने जमीन के कई टुकड़े कर दिए। पहले परसाभाठा, जामबहार से होकर फोरलेन सड़क बननी थी, लेकिन बाद में अलाइनमेंट ही बदल दिया गया।कटघोरा में लिथियम खदान का आवंटन हो चुका है, लेकिन जमीन अधिग्रहण शुरू नहीं हुआ है। इसमें रामपुर जलाशय लिथियम ब्लॉक से पूरी तरह प्रभावित है। इसके तहत ही डंगनिया, तानाखार, गुरुमुंडा, घरीपखना, घुंचापुर, केनाडांड़, बिशनपुर, दर्राभाठा, महेशपुर, नवागांव, कटघोरा, हुंकरा, जेंजरा और धवईपुर का हिस्सा भी प्रभावित होगा। नहर बनाने के लिए भी इन गांवों की जमीन को अधिग्रहित करना है, लेकिन इसके लिए भी जमीन चिन्हित नहीं हुई है। निगम के एमआईसी मेंबर व रिस्दी के पार्षद अजय गोड़ का कहना है कि एक साल से जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगी हुई है। यह लोगों के साथ अन्याय है। कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। जमीन चिह्नांकन जल्दी होना चाहिए। कलेक्टर गाइडलाइन की दर बढ़ने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ेगा। जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगने की वजह से परिवार के बीच बंटवारा नहीं कर पा रहे हैं।

# 700 करोड़ की राशि से जिले के 782 गांवो में करेंगे विकास



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, आबकारी, सार्वजनिक उपक्रम एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान स्वीकृत कार्यों की प्रगति, किए गए कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार क्षेत्र श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर के प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जबकि पदेन अध्यक्ष कलेक्टर श्री अजीत वसंत, वनमंडलाधिकारी कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, कटघोरा के डीएफओ श्री कुमार निशांत, आयुक्त नगर निगम श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, सांसद-विधायक प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे सहित अन्य विभागीय अधिकारी बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक में डीएमएफ अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले के समग्र विकास में डीएमएफ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं और यदि यही गति बनी रही, तो कोरबा शीघ्र ही एक मॉडल जिले के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि डीएमएफ के माध्यम से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पौष्टिक आहार, पीवीटीजी समुदाय को रोजगार, नीट की कोचिंग जैसी जनहितैषी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आमजन की आवश्यकताओं का समाधान भी होगा और क्षेत्र के समग्र विकास को मजबूती भी मिलेगी। उन्होंने डीएमएफ के माध्यम से शहर के सड़कों में डामरीकरण करने, बेलगरी बस्ती क्षेत्र में पुल और सड़क का निर्माण कर यातायात को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री देवांगन ने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए डीएमएफ राशि का प्रावधान सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की भी मंशा है कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो और जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध हों। कलेक्टर एवं जिला प्रशासन इस दिशा में कार्य कर रहा है तथा डीएमएफ का उपयोग उच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए, निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभागीय कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर समय पर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशन में बुका-सतरेंगा एवं झोराघाट क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे कोरबा जिले की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

अपने उद्बोधन में विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि डीएमएफ राशि से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं।

शासन की मंशा के अनुरूप उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सोलर ऊर्जा, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, रोजगार सृजन तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के समग्र विकास पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर मरकाम ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में डीएमएफ के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर ने पीवीटीजी एवं आदिवासी समुदाय के लिए आदर्श गांवों की परिकल्पना, राखड़ के उपयोग से सीसी रोड निर्माण, शाला त्यागी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने जैसी पहल का समर्थन करते हुए डीएमएफ के विस्तारवादी एवं जनहितैषी उपयोग की प्रशंसा की। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने शहरी क्षेत्रों की आवश्यकताओं को रखते हुए डीएमएफ से शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास तथा सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार से आमजन को व्यापक लाभ मिलने की बात कही।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बैठक के विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष डीएमएफ नियमों में संशोधन किया गया है, जिसे आगामी वित्तीय वर्ष से राज्य शासन द्वारा लागू किया जा रहा है। नए नियमों के अनुसार डीएमएफ राशि का 70 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों तथा 30 प्रतिशत अन्य कार्यों पर व्यय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में योजनाएँ बनाते समय इन नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने बताया कि नए प्रावधानों के अंतर्गत खनन क्षेत्र से 15 किलोमीटर तक के क्षेत्र को प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र और 25 किलोमीटर तक को अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र माना जाएगा। इससे डीएमएफ की लगभग 95 प्रतिशत राशि कोरबा जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में व्यय की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के 792 में से 782 ग्राम डीएमएफ राशि से लाभान्वित होंगे, जबकि प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र से बाहर रहने वाले 10 ग्रामों को डीएमएफ लाभ में शामिल करने हेतु भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया गया है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि कोरबा जिले से अन्य जिलों के प्रभावित क्षेत्रों को तथा अन्य जिलों से कोरबा के प्रभावित ग्रामों को प्राप्त होने वाली डीएमएफ राशि की विस्तृत जानकारी भी बैठक में प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में लगभग 700 करोड़ रुपये की डीएमएफ राशि प्राप्त होने की संभावना है। आगामी कार्ययोजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण एवं नगरीय विकास तथा अधोसंरचना निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

बैठक में वर्ष 2025-26 के महत्वपूर्ण कार्यों, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के प्रावधानों, न्यास राशि के उपयोग, विभिन्न वित्तीय प्रगतियों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग ने डीएमएफ से संबंधित गतिविधियों, प्रगति तथा आगामी वर्ष के कार्ययोजना के मसौदे की जानकारी प्रस्तुत की। शासी परिषद के समक्ष डीएमएफ नियमों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन स्थिति, भुगतान की स्थिति, डीएमएफ की प्राप्ति एवं व्यय, तथा महालेखाकार द्वारा संपादित आडिट की स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। आडिट में प्राप्त बिंदुओं के समाधान, अनुपालन तथा भविष्य में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व बढ़ाने संबंधी कदमों पर भी चर्चा की गई। परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना अनुमोदन हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुझाव प्रदान किए और भविष्य की योजनाओं के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक का समापन जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में समग्र विकास, जनहित में संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ किया गया।

## विकासखण्ड पाली के ग्राम तेलसरा में वाटरशेड महोत्सव का सफल आयोजन

**कोरबा ।** कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं भूमि संरक्षण कार्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु शुक्रवार 05 दिसंबर को विकासखण्ड पाली के ग्राम तेलसरा में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक पाली-तानाखार उपस्थित रहे ।महोत्सव की शुरुआत जनजागरूकता रैली, श्रमदान एवं वृक्षारोपण से हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण विषय पर रंगोली, पोस्टर पेंटिंग, कविता, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनसे ग्रामीणों में जल एवं भूमि संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी।

मुख्य अतिथि श्री मरकाम द्वारा कार्यक्रम के दौरान 03 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 07 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। यह सभी कार्य क्षेत्र में भूमि संरक्षण को सुदृढ़ करेंगे तथा सिंचाई रकबे में वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कला जत्था कार्यक्रम के माध्यम से भी ग्रामीणों को जल एवं भूमि संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने जल एवं भूमि संरक्षण को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए ग्रामीणों से इन प्रयासों को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की। उन्होंने परियोजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री भारत लाल मरावी, सरपंच ग्राम पंचायत रामाकछार द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री कुलदीप सिंह मरकाम, श्री समेलाल (पूर्व सरपंच), कृषि विभाग से श्री आशीष यादव, श्री शिशिर सामन्त, श्री औनीश डिक्सेना, श्री अंजोर कुमार कंवर, श्री परमेश्वर साहू, श्री रोकेश सोनी, श्री श्यामराव मराठा, श्रीमती ज्योति लहरे सहित विकासदल सदस्य, जलग्रहण समिति के सदस्य, स्व सहायता समूह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने में स्काउट आंदोलन की अहम भूमिका



**कोरबा।** स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और कब, बुलबुल ने ग्रैंड कैम्प फायर में लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कैम्प में पांचों ब्लॉक से 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला कोरबा ने तृतीय सोपान और निपुण जांच शिविर व कब बुलबुल उत्सव का आयोजन विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2, एचटीपीपी में किया जा रहा है।

शुक्रवार शाम ग्रैंड कैम्प फायर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि हसदेव ताप विद्युत गृह के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एफएम) केएनबी राव ने कहा कि इस तरह के शिविर आपसी सद्भावना उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि नैतिकता और देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने में स्काउट आंदोलन अहम भूमिका निभा रहा है। राव ने कहा कि एचटीपीपी प्रबंधन भी डिजास्टर मैनेजमेंट और साइबर सुरक्षा जैसे स्काउट के पाठ्यक्रम का लाभ उठाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने स्वागत उद्बोधन दिया और भारत स्काउट्स व गाइड्स, जिला कोरबा की गतिविधियों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधीक्षण अभियंता एचटीपीपी व विद्युत नगर शिक्षण समिति के सचिव अजय सिंह कोराम ने भी संबोधन दिया। एचटीपीपी के जनसंपर्क अधिकारी बसंत शाहजीत ने प्रतिभागियों को कविता के माध्यम से प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप एचटीपीपी के प्रशासनिक अधिकारी अनूप पात्रे, जिला मुख्यालय आयुक्त विवेक लांडे, जिला सचिव भरत सिंह वर्मा सहित लीडर ऑफ कोर्स डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, नमिता श्यामकुंवर कड़वे, श्रीकांत सिंह भी मंचासीन रहे। डीगम्बर सिंह कौशिक ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का संचालन पुष्पा शांडिल्य ने किया।

इसके पहले बुलबुल ग्रिटिंग व कब की विशाल गर्जना के माध्यम से अतिथियों की अगुवानी की गई। स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और कब-बुलबुल ने ग्रैंड कैम्प फायर में लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों जोरदार प्रस्तुति दी। कब, बुलबुल द्वारा बेहद रोचक तरीके पेश किए गए फैंसी ड्रेस ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। स्काउट रितेश यादव और गाइड प्राची ने कैंप इम्प्रैशन प्रस्तुत किया।

## अफेयर है तो करो विवाह, कर दी युवती की हत्या

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी में स्थित होटल चंदेला के कमरा नंबर 207 में असामान्य स्थिति में मृत मिली 20 वर्षीय युवती संध्या महंत की हत्या के आरोप में पुलिस ने राकेश मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने इसलिए युवती को मार डाला क्योंकि उसने शादी के लिए दबाव बनाया था। इसी बात पर होटल में उससे विवाद हुआ।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण धारा 103 के अंतर्गत दर्ज करने के साथ जेल भेज दिया है। 25 वर्षीय राकेश मानिकपुरी नैला-जांजगीर के मरकाडीह का रहने वाला है। वह युवती के साथ 4 दिसंबर को कोरबा पहुंचा था और होटल चंदेला में ठहरा था। 5 दिसंबर को सुबह 11 बजे कमरा बंद होने पर स्टाफ ने चेक किया। खिडकी से पैर दिखाई देने पर कमरा खोलकर देखा तो युवती मृत पड़ी थी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम सूचना पर यहां पहुंची। परिजन भी यहां आए। इसके बाद मर्ग, पंचनामा की कार्यवाही की गई। पुलिस ने बताया कि मृतका के चाचा शिवदास महंत 29 वर्ष निवासी ढोढ़ीपारा सीएसईबी चौकी कोरबा ने मामले में लिखित रिपोर्ट की।

जिस पर अगली कार्यवाही की गई। खबर के अनुसार युवक-युवती होटल में रूके है। किसी बात पर लड़ाई-झगड़ा होने पर राकेश ने युवती की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। विवेचना करते हुए



पुलिस ने आरोपी को एक स्थान से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि युवती से उसका काफी समय से अफेयर था। वे एक कार्यक्रम के लिए कोरबा आए थे और इसी नाम से होटल में कमरा लिया था। यहां पर युवती ने शादी के लिए दबाव डाला और विवाद हुआ। इससे नाराज होकर गला दबाकर उसका हत्या कर दी और भाग गया। आरोपी को ज्यूडिसियल रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया। इस मामले में उप निरीक्षक महाशिव ध्रुवे, शारदा वर्मा और स्टाफ ने अपनी भूमिका निभाई।

## वेलफेयर सोसायटी कोरबा ने जरूरतमंद ग्रामीणों को किया कंबल वितरण

**कोरबा।** वेलफेयर सोसायटी (बीके) कोरबा द्वारा शनिवार को वनांचल ग्राम केरवां, ढेंगुरगडीह, दरगा, पतरापाली में रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के साथ जरूरतमंद ग्रामीणों को निशुल्क कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण की यह पहल बढ़ती ठंड को देखते हुए जनजातीय समाज के लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य की गई। सोसायटी द्वारा कंबल वितरण का यह सातवां वर्ष था। वितरण के दौरान हरबीर सिंह होरा, टीपी गुप्ता, नरेश पांडेय, बलबीर कौर, शमा फैज आदि उपस्थित रहे।



## अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन, सम्मानित हुए सोमेश

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में एलएलबी में 6वीं रैंक प्राप्त करने वाले सोमेश नारायण सिंह को उपाधि व मेरिट प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सोमेश स्कूल व कॉलेज दोनों स्तरों पर टॉपर रहे हैं। क्रिकेट और शतरंज में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वाद विवाद प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने कोरबा जिले का नाम रोशन किया है।



## गवर्नमेंट हाई स्कूल बुंदेली में 9वीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया

**कोरबा।** गवर्नमेंट हाई स्कूल बुंदेली में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत सत्र 2025-26 की साइकिल का वितरण कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्राओं को किया गया। साइकिल वितरण स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने किया। जिन्होंने छात्राओं को नियमित स्कूल आने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विशंभर साहू, उपसरपंच संजय कोशले, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य फूलेश साहू, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल बुंदेली सम्मेलाल यादव, हाई स्कूल की प्राचार्य अनीता ओहरी आदि उपस्थित रहे।



# किसानों की समस्याओं को लेकर पामगढ़ विधायक हरबंश ने कलेक्टर को लिखा पत्र



**जांजगीर चांपा।** पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने धान खरीदी केन्द्रो में धान बेचने में किसानों को फसल रकबा एवं फसल एंट्री में गिरदावरी और डिजिटल क्राप सर्वे (डीजीएस) के समायोजन में तकनीकी त्रुटि सुधार के लिए कलेक्टर को पत्र लिखकर किसानों को आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण करने की मांग की है।

पामगढ़ विधायक श्रीमती हरवंश ने कलेक्टर को लिखे पत्र कहा है कि वर्तमान में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है,परंतु अधिकांश किसानों को धान बेचने में कई प्रकार की दिक्कतें आ रही है। जिससे कृषक वर्ग परेशान हो रहे है

उन्होंने कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया कि डिजिटल क्राप सर्वे (डीजीएस) के दौरान फसल एंट्री में कुछ रकबा का 卐अन्य धान卐 एंट्री किया गया था, जो कि विभाग से एप्रुवल भी हुआ है। परन्तु वर्तमान में एकीकृत पोर्टल में अन्य धान के बजाय 卐अन्य फसल दिखा रहा है, जिससे किसान के उक्त रकबे के फसल को धान खरीदी केन्द्र में नहीं लिया जा रहा है। किसान इसके सुधार एवं भौतिक सत्यापन हेतु इधर-उधर भटक रहे है।

पोर्टल में पंजीकृत रकबा का वर्तमान में भौतिक सत्यापन कर पाना भी संभव प्रतीत नही हो रहा है, क्योंकि अधिकांश फसल कट चुकी है।

विधायक हरबंश ने कहा कि संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए कि एकीकृत पोर्टल में प्रदर्शित अन्य फसल को अन्य धान मानकर किसानों से धान खरीदी की जाए।

किसानों को धान बेचने में एक बहुत बड़ी समस्या सामने आ रही है, वह है रकबा की। किसानों का रकबा ही गायब हो जा रहा है। इसके साथ ही गिरदावरी एवं डीजीएस सर्वे में मेल नही हो रहा है। इन सभी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सभी किसानों के पास धान भंडारण एवं रख रखाव की सुविधा नही होती। ऐसे में उनकी कड़ी मेहनत की कमाई का उचित लाभ नही मिल पाएगा और अंत में सरकार को धान नही बेच पाने के कारण अपनी खुन-पसीने की कमाई को उल-जूलूल भाव में बिचौलियों को बेचने मजबूर हो जाएंगें।

उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि धान खरीदी केन्द्रो में धान बेचने में किसानों को आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण करे ताकि उनके मेहनत की कमाई का सही दम मिल सके।

### *धान खरीदी केन्द्रो में प्रति दिवस खरीदी का लिमिट बढ़ाई जाए : हरबंश*

***पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने कलेक्टर से मांग की है कि वर्तमान में सभी धान उपार्जन केन्द्रों में प्रति दिवस धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है वह पर्याप्त नही है। वर्तमान में किसानों का 80 प्रतिशत धान कट चुका है तथा किसानों का टोकन कम कटने के कारण खरीदी केन्द्रों में धान बेच नही पा रहे है। इससे किसानों की समस्याएँ बढ़ रही है। इस प्रकार धान उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय के संबंध में अनेक किसानों को समस्याएँ हो रही है।***

***किसानों की समस्याओं को ध्यान रखते हुए धान उपार्जन केन्द्रों में प्रति दिवस धान खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए ताकि निर्धारित समय में किसान अपना धान सहजता से बेच सके।***

## बरगांव में शोक संतृप्त परिवार से मिले पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन



**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर के ग्राम बरगांव के समृद्ध किसान पीलाराम चंद्रा जो कि मंझला किसान के नाम से प्रसिद्ध थे, के आकस्मिक दुखद निधन पर शोक संतप्त परिवारजनो से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने इस इवसर पर उनके भाई, पुत्र दामाद डॉ. विष्णू चंद्रा, दामाद मोहन चंद्रा और परिवार के अनेकों लोग उपस्थित थे और इसी गांव में हमारे सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व जनपद सदस्य डॉ. विष्णू चंद्रा की माताजी श्रीमती पंचकुंवर चंद्रा जी के दुखद निधन पर परिवार जनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त किया पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने।

दिनांक 2दिसंबर 2025 ग्राम किरीत (नवागढ़) आगे पड़ोस के गांव किरीत में युवा सामाजिक युवा कार्यकर्ता किरण कुमार श्रीवास उम्र 25 वर्ष की अवस्था में अचानक चले जाना पूरे ग्रामवासियों और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है ये शिक्षा के प्रति इतने जागरूक थे कि विवाह के पश्चात अपनी धर्मपत्नि को एम.कॉम की पढ़ाई कराये और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवा रहे थे।


आगे देवांगन ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंटकर अपनी शोक संवेदना प्रकट कर ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की इस अवसर पर मृतक के पिता श्री गिरीश कुमार श्रीवास, भाई रविकुमार श्रीवास, उनकी धर्मपत्नि श्रीमती लक्ष्मीदेवी श्रीवास, माताजी एवं ग्राम किरीत के चंद्रा समाज अध्यक्ष छोटेलाल चंद्रा, वरिष्ठ कांग्रेस पंडित राम चंद्रा, मोहन लाल चंद्रा, शांति लाल यादव, एवं परिवार के अनेक लोग उपस्थित थे।

## भगवान दत्तात्रेय ने अपने जीवन में चौबीस गुरु बनाये : राजेश्री महन्त



**जांजगीर।** ब्रह्मपुरी रायपुर स्थित दत्तात्रेय मंदिर में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज, स्थानीय विधायक सुनील सोनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर उपस्थित हुए। इन्होंने मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया, हवन कुंड का परिक्रमा करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, भगवान के दर्शन पूजन के उपरांत उपस्थित स्रोताओं को अतिथियों के द्वारा संबोधित किया गया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि - भगवान दत्तात्रेय ने अपने जीवन में चौबीस गुरु बनाये कथन का तात्पर्य यह है कि - प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है, हमें उससे ग्रहण करना चाहिए। कहा भी गया है कि गुन के गाहक सहस नर, बिनु गुन लहै न कोय।। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि- भगवान दत्तात्रेय की जयंती के अवसर पर यह कहना चाहूंगा कि आप सभी समाज में एकता बनाकर कार्य करें इससे समाज का विकास होगा। हम विकसित भारत के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण करें यही हम सब का उद्देश्य होना चाहिए। लोगों को जैतू साव मठ ट्रस्ट के सदस्य अजय तिवारी जी ने भी संबोधित किया। सुबोध मनोहर पंडे के द्वारा दत्त गुरु चरित पाठ किया गया। शताब्दी पांडे, हरि बल्लभ अग्रवाल तथा ट्रस्ट कमेटी के सभी सदस्यों सहित श्रद्धालु भक्तगण काफी संख्या में उपस्थित थे। भगवान की आरती संपन्न होने के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## दाता वहीं हैं जो दान देते-देते स्वयं निर्धन हो जाये : पंडित पवन चतुर्वेदी



**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम खोखरा के आदर्श नगर भाठापारा के माँ जानकी निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के सातवें दिवस जांजगीर-चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप एवं जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू शामिल हुए, जिनके द्वारा ब्यास पीठ का आशीर्वाद ले, विधिविधान से पूजा-अर्चना किया गया। व्यास पीठ पर विराजे पंडित पवन चतुर्वेदी ने सुभद्रहरण, कलियुग वृन्त्ता की कथा सुनाते हुए बताया कि सुभद्रा भगवान कृष्ण और बलराम की बहन थीं। बलराम चाहते थे कि सुभद्रा का विवाह दुर्योधन से हो, लेकिन कृष्ण और सुभद्रा की इच्छा अर्जुन से विवाह करने की थी। जब बलराम और अन्य यादव एक उत्सव के लिए द्वारका से बाहर गए हुए थे, कृष्ण की सहमति से अर्जुन ने सुभद्रा का हरण किया और उन्हें अपने साथ ले गए। यह घटना विवाह के उद्देश्य से थी, न कि किसी अनैतिक कार्य के लिए। बाद में, यादवों ने इस विवाह को स्वीकार कर लिया। कलियुग वृन्त्ता की कथा सुनाते हुए आचार्य श्री ने कहा कि कलयुग का प्रारंभ तब हुआ जब भगवान कृष्ण ने पृथ्वी से अपना मानव शरीर छोड़ कर वैकुंठ गमन किया। राजा परीक्षित की भूमिका- राजा परीक्षित (अर्जुन के पोते) के शासनकाल में कलयुग ने पृथ्वी पर प्रवेश की अनुमति मांगी। राजा ने उसे जुआ, शराब, व्यभिचार, हिंसा और सोने जैसी कुछ जगहों पर रहने की अनुमति दी। कलयुग में धर्म, सत्य, पवित्रता, क्षमा, दया, आयु, बल और स्मरण शक्ति की कमी हो जाती है। लोग पूजा-पाठ छोड़ देते हैं और अधर्म बढ़ता है। उन्होंने आगे की कथा सुनाते हुए कहा कि एक उदाहरण देते हुए कहा एक दाता के बारे बताया हुए दान देते-देते वह स्वयं निर्धन हो गया।

श्रीमद् भागवत महापुराण के आठवें दिवस श्री गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण, सशस्त्र धारा, महाआरती के साथ श्रीमद भागवत का समापन हुआ। आज कथा में श्रीमद्भागवत कथा में यजमान के रूप में कैलाश मंजू राठौर, विजय संध्या राठौर, राकेश सोमेश्वरी राठौर, दुर्गेश दीपिका राठौर बैठे हुए हैं, विधायक के साथ ग्राम के सरपंच राजेश राठौर, अरमान खान, कृष्णा प्रजापति मौजूद थे। आज के कथा सुनने वालों में कैलाश कश्यप, भावना कश्यप, हरीश राठौर, सीमा राठौर, महेश राठौर, वीरेंद्र राठौर, राजेश राठौर, आयान राठौर सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।

## गुजराती संस्कृति से स्वागत हुआ युनिटी मार्च के सहभागियों का



**चांपा।** यूनिटी मार्च राष्ट्रीय एकता पद यात्रा सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्म स्थान करमसद (गुजरात)से 26 नवम्बर को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल , मनसुख मण्डाविया केंद्रीय मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर पद यात्रा को रवाना किया गया 150 किलोमीटर की लम्बी यात्रा कर आज 06 दिसम्बर को केवड़िया यूनिटी ऑफ़ स्टेचू चार जिला एवं 70 गांव पार कर पहुंची,भारत के कोने कोने से आये युवाओ का पुरे रास्ते मे स्थानीय जनों ने अपने गुजराती सस्कृति के साथ स्वागत किये एवं पद यात्रियों ने दुनिया का सबसे बड़ा प्रतिमा सरदार पटेल के उनके 150 जन्म जयंती अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित किये, जिसमे जांजगीर चाम्पा जिले छत्तीसगढ़ से नरेन्द्र कौशिक ने कायमी पद यात्री के रूप मे यात्रा के साथ पैदल यात्रा किये, केवड़िया मे समापन अवसर के मुख्य अतिथि महामहिम उप राष्ट्रपति सी. वीं. राधाकृष्णन रहे, अध्यक्षता गुजरात के मान. राजयपाल आचार्य देवव्रत,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल , खेल एवं युवा कल्याण केंद्रीय मंत्री मनसुख मण्डाविया ,केंद्रीय राज्य मंत्री तोखान साहू सांसद विधायक गण एवं हजारों संख्या लोग उपस्थित रहे ।

## धान खरीदी पर कलेक्टर की बैठक



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय प्रशिक्षण और बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राजस्व, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड, मंडी, समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी, ऑपरेटर सहित अलग-अलग विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण - पंजीयन, सत्यापन, तौल, भंडारण, परिवहन और भुगतान की कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीदी से लेकर उठाव तक की सभी गतिविधियों पर निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को समाप्त करना है।

**केंद्रों की समस्याओं का तत्काल समाधान**

प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें गेट पास ऐप से फोटो एंट्री, स्टॉक एंट्री, किस्मवार स्टैकिंग, यूएफआर प्रगति, पीसी-एसएपी डेटा प्रविष्टि, रकबा समर्पण और सतर्क ऐप जैसी धान खरीदी से संबंधित अन्य प्रक्रियाएं शामिल थीं। इस दौरान अलग-अलग केंद्रों से प्राप्त समस्याओं और कठिनाइयों का तत्काल समाधान भी किया गया।

**यूएफआर पंजीयन में छूटे किसानों का खसरा जोड़ने के निर्देश**

कलेक्टर ने यूएफआर (अंडरटेकिंग फॉर रजिस्ट्रेशन) पंजीयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूएफआर में छूटे हुए किसानों का खसरा जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि उन्हें धान बेचने में कोई समस्या न हो। यूएफआर पंजीयन के लिए किसानों को बी-1, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा।

**अनियमितताएं रोकने के कड़े निर्देश**

उन्होंने शेष यूएफआर पंजीयन को मिशन मोड में पूरा करने पर जोर दिया। गड़बड़ी रोकने के लिए कलेक्टर ने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने टीमों को रकबा समर्पण अभियान प्रभावी ढंग से चलाने को कहा, जिससे खरीदी में अनियमितताओं की संभावना कम हो सके। मंडी और राजस्व टीमों को अवैध धान संग्रहण और परिवहन पर लगातार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**गेट पास में 100प्रतिशत एंट्री अनिवार्य**

प्रत्येक खरीदी केंद्र में गेट पास में शत-प्रतिशत एंट्री अनिवार्य की गई है। सतर्क ऐप पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने और नोडल अधिकारियों को संवेदनशील केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि किसानों को धान खरीदी में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी बनी रहे।

## विधायक कश्यप ने ग्राम सरखों एवं सिउंड़ बनने वाले गौरव पथ का किया भूमिपूजन



**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने ग्राम सरखों एवं सिउंड़ में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 52 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सी.सी.रोड का भूमिपूजन किया। ज्ञात हो कि ग्राम सरखों के सरपंच श्रीमती प्रीति बल्लू राठौर एवं ग्राम सिउंड़ के सरपंच नकुल सूर्यवंशी ने ग्रामवासियों सहित विधायक ब्यास कश्यप से मुलाकात कर ग्राम विकास के लिए सी.सी. रोड निर्माण कराने की मांग रखी थी। ग्रामवासियों की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ब्यास कश्यप ने ग्राम सरखों में फकीर के घर से लेकर बैगा पारा तक तथा ग्राम सिउंड़ में मुख्य नहर पुल से गोसाईं तालाब की ओर सी.सी.रोड सह नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव पंचायत मंत्री विजय शर्मा को सौंपा तथा इसकी शीघ्र स्वीकृति के लिए अनुरोध किया। ब्यास कश्यप की मांगों पर विचार करते हुए पंचायत मंत्री ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत उक्त दोनों कार्यो के लिए 51 लाख 69 हजार रूपये राशि की स्वीकृति प्रदान की, जिसमें ग्राम सरखों में फकीर के घर से बैगा पारा तक नाली सह सी.सी. रोड निर्माण के लिए 24 लाख 52 हजार रूपये तथा ग्राम सिउंड़ में मुख्य नहर पुल से गोसाईं तालाब की ओर सी.सी. रोड सह नाली निर्माण के लिए 27 लाख 17 हजार रूपये शामिल हैं। उपरोक्त दोनों कार्यो के लिए भूमिपूजन विधायक ब्यास कश्यप के द्वारा किया गया है। ग्राम सरखों में भूमिपूजन कार्यक्रम में गांव के सरपंच श्रीमती प्रीति बल्लू राठौर, क्षेत्रीय जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा रामकृपाल सिंह, उप सरपंच रिकी गोलू लाठिया, लाला साहू, अरविंद धीवर, योगेश रत्नाकर, रामकृपा करियारे सहित अन्य ग्रामवासी तथा ग्राम पंचायत सिउंड में भूमिपूजन कार्यक्रम में गांव के सरपंच नकुल हंसराज, क्षेत्रीय जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती बृहस्पति श्यामनाथ कश्यप, सचिव उत्तम कुमार गोयल, उप सरपंच संतोष राठौर, चंदराम कश्यप, कुश साहू, दुकालूराम धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## छात्राओं को कराते का प्रशिक्षण दिया

**दगोरी ।** शासन द्वारा बालिका सुरक्षा के तहत संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बिटकुली की 91 छात्राएं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह प्रशिक्षण 26 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षक पवन साहू प्रतिदिन दोपहर 11.50 से 12.20 बजे तक छात्राओं को जुडो, कराते और वुशु की तकनीकों का अभ्यास करा रहे हैं। विद्यालय की प्राचार्य चंदा पटेल ने बताया कि छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विद्यालय की व्याख्याता सुमित्रा राठौर को अवलोकनकर्ता नियुक्त किया गया है।

## जांजगीर में कांग्रेसजनो ने मनाया डां अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस



**जांजगीर।** संविधान निर्माता,भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके प्रतिमा में पुष्प माला अर्पित कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार,पुर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, डॉ परस शर्मा, रफीक सिद्धकी, शिशिर द्विवेदी, महारथी बघेल,जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला,देव कुमार पांडे, शत्रुहन दास महंत,विजय प्रकाश तिवारी, पार्षद विष्णु यादव, अरमान खान,मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, राजा सिद्धकी,किशोर साव , शांति साहू, महेंद्र कश्यप,धीरज सिंह, सौरभ सिंह, कमलेश ताम्रकार, आदि प्रमुख कांग्रेसजन, उपस्थिति हुए।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो बहनों की पिटाई

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में पुरानी रंजिश को लेकर 2 लड़कियों ने 2 बहनों की बुरी तरह पिटाई कर दी। दोनों लड़कियों ने दोनों बहनों को लात-घूंसों से मारा। बाल खींचकर घसीटा। छाती पर लात मारी। इस दौरान आरोपी लड़कियों के परिजन और बॉयफ्रेंड भी साथ था। इस मारपीट में दोनों बहनों को गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन किसी ने बीच-बचाव की कोशिश नहीं की। लोग लड़कियों का वीडियो बनाते रहे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित लड़की ने इस मामले की शिकायत चांपा थाने में की है। यह मामला मुकुंद मल्टीप्लेक्स का है। पुलिस FIR दर्ज कर जांच में जुटी है।

पीड़ित लड़की का नाम कविता है। वह अपने माता-पिता और बहन के साथ ग्राम सिवनी के चिल्हासपारा में रहती है। मुकुंद मल्टीप्लेक्स में कैंटीन चलाने और टिकट काटने का काम करती है। कविता की थाने में दी गई शिकायत के मुताबिक घटना 5 दिसंबर दोपहर 3 बजे की है। जब कविता अपनी डयूटी पर मल्टीप्लेक्स के टिकट काउंटर पर थी। इसी दौरान मल्टीप्लेक्स की स्टाफ अंजलि और गिरजा वहां पहुंची। दोनों पुरानी रंजिश को लेकर कविता से विवाद करने लगी। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि लड़कियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इसी बीच अंजलि ने अपने बॉयफ्रेंड भोजराज को बुला लिया। वहीं गिरजा ने भी अपने माता-पिता और भाई को वहां बुला लिया।परिजनों के पहुंचने पर अंजलि और गिरजा कविता को गालियां देने लगी। जब कविता ने मना किया तो दोनों ने मारपीट शुरू कर दी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक :202512330-400003**

**विषय :- अ-89/21 मामले की श्रेणी-राजस्व सन् - 2025-2026**

खोंगापानी प.ह.नं. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-भासकर झा,
अनावेदक पक्षकार-(छ.ग. शासन)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भास्कर झा आ. भैरव नाथ निवासी ग्राम खोंगापानी, तहसील मनेंद्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक पुत्री रश्मि झा, जो कि शासकीय उ.मा.विद्यालय खोंगापानी में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत है, के शैक्षणिक अभिलेख/दाखिल खाजिर पंजी में पिता का नाम बी.डी.झा दर्ज हो गया है। जबकि आवेदक/पिता का वास्तविक एवं पूरा नाम भास्कर झा है। आवेदक द्वारा अपनी पुत्री के शैक्षणिक अभिलेखों में पिता का नाम संशोधित कर वास्तविक एवं सही नाम भास्कर झा दर्ज कराये जाने हेतु निवेदन किये जाने पर, प्रकरण सुनवाई हेतु इस न्यायालय में संस्थित है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति आगामी पेशी तारीख 16.12.2025 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2025 को जारी किया जाता है।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मनेन्द्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. (छग)**

## अनमोल वचन......

हमारे सामने आने वाला कोई भी तथ्य उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना कि उसके प्रति हमारा दृष्टिकोण, क्योंकि वही हमारी सफलता या असफलता निर्धारित करता है।

## सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा

भारतीय सेना ने सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप स्थापित की है। अपेक्षित है कि ऐसे सिद्धांतों पर दृढ़ता से अमल किया जाए- चाहे मामला किसी भी धर्मावंबी से जुड़ा हुआ हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह उचित व्याख्या की है कि कोई सैनिक भारतीय सेना के सामूहिक आचार-धर्म के ऊपर धर्म की अपनी निजी व्याख्या को तरजीह नहीं दे सकता। इस तरह न्यायालय ने उपरोक्त सैनिक के खिलाफ सेना प्रशासन की कार्रवाई को सही ठहराया। इस सैनिक ने अपने रेजीमेंट के सर्व धर्म स्थल पर जाकर प्रार्थना करने से इनकार कर दिया था। इस रुख पर कायम रहने के कारण सेना से उसे बर्खास्त कर दिया गया, जिस निर्णय को उसने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उसकी तरफ से दलील दी गई कि ईसाई धर्म एक ईश्वर की धारणा में आस्था में रखता है, इसलिए जहां विभिन्न महजबों के धर्मों के पूजा स्थल हों, किसी ईसाई को वहां प्रार्थना करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने इस दलील को ठुकरा दिया। कहा कि इस सैनिक ने सेना के अनुशासन, समरसता और अपने साथियों के लिए सम्मान की भावना के ऊपर 'धार्मिक अहंकार' को प्राथमिकता दी। स्पष्टतः किसी बहु-धर्मीय समाज में ऐसे रुख के साथ समन्वय नहीं बनाया जा सकता। भारतीय सेना ने सर्व धर्म प्रार्थना की परंपरा अपने धर्मनिरपेक्ष चरित्र के अनुरूप स्थापित की है। जो भी भारतीय सेना में भर्ती होता है, उसे इस व्यवहार संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए। अपेक्षित है कि ऐसे सिद्धांतों पर ना सिर्फ जोर दिया जाए, बल्कि उस पर दृढ़ता से अमल भी किया जाए- चाहे मामला किसी भी धर्मावंबी से जुड़ा हुआ हो। असल में इस सिद्धांत पर अमल की आवश्यकता सिर्फ सेना में ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े हर क्षेत्र में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल के दशकों में भारत में ऐसे उदात्त सिद्धांतों को कई हलकों से चुनौती दी गई है, जिससे समाज में सद्भाव का माहौल बिगड़ा है। इससे सेना जैसी संस्थाओं को अप्रभावित रखने की चुनौती आज और बढ़ी हुई महसूस होती है। उसके बीच सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक भावना के अनुरूप सर्व-धर्म सद्भाव के महत्त्व को रेखांकित करते हुए प्रशंसनीय निर्णय दिया है। इस निर्णय की भावना को बेहिचक एवं बिना किसी भेदभाव के अंगीकार किया जाना चाहिए।

## राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए आज ऑफर आ सकता है। परिवारजनों के आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने वालों के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में लाभ होगा। किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आपका दिन अच्छा बीतेगा। आप अच्छी रणनीति के साथ कार्यक्षेत्र का काम करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके ताल-मेल अच्छे रहेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों वालों आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको आपके कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने वालों को लाभ के योग हैं।

तुला राशिः आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट सेक्टर में जॉब करने वाले लोगों को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है।

धनु राशिः धनु राशि वालों आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आज बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भाग-दौड़ हो सकती है।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी में आज निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। आप किसी एनजीओ के साथ जुड़कर समाज सेवा करने का मन बनाएंगे।

मीन राशिः मीन राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लंबी यात्राओं के योग हैं।

# नारी शक्ति से विकासः महिलाओं के नेतृत्व वाली प्रगति पर फोकस करने की ज़रुरत

//लक्ष्मी पुरी//

**लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण हमारे उज्जवल आज और बदलते कल के लिए बेहद ज़रुरी आधार है। तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ते इस वक्त में हम लैंगिक समानता हासिल करने के लिए एक और शताब्दी तक इंतज़ार नहीं कर सकते। नारी शक्ति और भारत की विश्व को सभ्यतागत देन, महिलाओं को देवी के रूप में देखने की मूल अवधारणा को अब महज़ एक प्रतीक से आगे ले जाकर व्यावहारिक जीवन में लाना होगा और महिलाओं के प्रति सम्मान की हमारी विरासत को महिलाओं के नेतृत्व वाले सतत् विकास के मार्ग पर ले जाना होगा।**

जब आधी मानवता की स्वतंत्रता और जीवन जीने के अवसर बढ़ते हैं, तो नए समाज में फिर से एक नई ऊर्जा का संचार होता है। लैंगिक समानता अपने आप में एक आदर्श विचार है, और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी और पर्यावरणीय प्रगति का एक शक्तिशाली कारक भी है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की 2015 की रिपोर्ट, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों पर आधारित वर्ष 2024 का विश्लेषण और ईवाय का इंडियाञ्च100 कार्य, मिलकर एक ठोस आर्थिक तर्क पेश करते हैंः लैंगिक अंतर को कम करने से सकल घरेलू उत्पाद में 20 से 30त्र की वृद्धि हो सकती है और यह भारत के लिए 2047 तक 28 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए बेहद ज़रुरी है।

भारत एक जनसांख्यिकीय दौर से गुज़र रहा है। हमारी युवा आबादी का तभी लाभ उठाया जा सकता है, जब वह महिलाओं के लिए फायदेमंद हो। प्रजनन क्षमता घट रही है और लड़कियों तथा युवतियों की महत्वाकांक्षाएँ बढ़ रही हैं, भारत अब उच्च शिक्षा में लगभग बराबरी पर है और करीब 43 प्रतिशत स्टेम छात्राएँ हैं। कई सालों तक महिलाओं के काम को अनौपचारिक और अदृश्य बनाए रखने के बाद, आखिरकार महिलाओं की श्रमशक्ति में भागीदारी फिर से बढ़ने लगी है और अब इसे बेहतर गुणवत्ता, औपचारिक और भविष्य के लिए तैयार नौकरियों में तब्दील होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की एक खास विशेषता ऐसे प्रमुख कार्यक्रमों को लक्षित करना है, जिनमें महिलाएँ प्रमुख लाभार्थी हैं। इसके अलावा बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम भी सरकार के फोकस में हैं, जो लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदनशील हैं। छात्रवृत्ति, छात्रावास और आरक्षित सीटों ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में महिलाओं की मौजूदगी को बढ़ाया है और ज्ञान, स्वास्थ्य, हरित और देखभाल अर्थव्यवस्थाओं में उनके लिए नए रास्ते खोले हैं। डिजिटल मिशन और ग्रामीण कार्यक्रमों ने करोड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित किया है और उनके हाथों में किफायती डेटा वाले स्मार्टफोन और जन धन खाते दिए हैं, जिससे उन्हें सूचना, बाज़ार और सेवाओं तक सीधी पहुँच मिली है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा, स्वच्छ भारत और प्रधानमंत्री आवास जैसी प्रमुख योजनाओं ने करोड़ों महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा,ऋण तक पहुँच, स्वच्छता और सुरक्षित आवास जैसी सुविधाएं दी हैं, जबकि सुकन्या समृद्धि और लखपति दीदी जैसी योजनाओं ने उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और उनकी आय में बढ़ोत्तरी को मुमकिन बनाया है। अब अगले स्तर पर उन्हें निर्णायक रूप से लाभार्थी से अधिकार पति, यानी अधिकारों के प्राप्तकर्ता से पूर्ण अधिकार धारक और अर्थव्यवस्था तथा समाज में फैसला लेने वाली महिला के रूप में स्थापित करना होगा। 2030 तक लैंगिक समानता पर सतत् विकास लक्ष्य 5 को प्राप्त करने का यही असल सार है।

भारत में अंतर्संबंध का अर्थ है, कि कई महिलाओं को गरीबी, जाति, जनजाति, धर्म, दिव्यांगता या स्थान के कारण कई स्तरों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। तीन तलाक के उन्मूलन ने मुस्लिम महिलाओं के विवाह अधिकारों को मज़बूत किया है। जनजातीय पृष्ठभूमि की महिला, द्रौपदी मुर्मू का भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव इस बात का प्रतीक है कि हाशिए पर रहने वाले समाज की महिला एक गणतंत्र में किस ऊँचाई तक पहुँच सकती है और लैंगिक और सामाजिक न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और गहरा कर सकती है। मौजूदा वक्त में हमें जिस कल का निर्माण करना है, वह ऐसा होना चाहिए, जिसमें विकास के ऐसे उदाहरण, असाधारण न होकर, व्यवस्था का हिस्सा हों और व्यापक रुप से दिखाई दें। हिंसा से मुक्ति, एक लैंगिक समानता वाले समाज का अनिवार्य आधार बनी हुई है। घरेलू दर्व्यवहार और मानव तस्करी से लेकर कार्यस्थल पर उत्पीड़न और ऑनलाइन घृणा तक, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हर प्रकार की हिंसा को खत्म करना, हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होना चाहिए, साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य और यौन तथा प्रजनन अधिकारों पर निरंतर काम करना चाहिए, जो स्वायत्तता और सम्मान की गारंटी देते हैं।

राजनीतिक आवाज़ और नेतृत्व हर दूसरे हस्तक्षेप के प्रभाव को कई गुना बढ़ा देते हैं और महिलाओं को भविष्य के नियमों को आकार देने की ताकत देते हैं। जमीनी स्तर पर, पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत से 50 प्रतिशत आरक्षण ने 15 लाख महिला नेताओं को जन्म दिया है। लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम, कानून निर्माण और शासन में वास्तविक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जैसा कि हाल ही में बिहार में देखा गया, महिलाएँ चुनावी नतीजों को भी नया रूप दे रही हैं, जहाँ जागरूक मतदाता सुरक्षा, गतिशीलता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में काम करने वाली सरकारों को चुन रहे हैं।

संस्कृति एक बुनियादी ढाँचा है, जिसके ज़रिए कोई भी समाज खुद को समझता है और अपने भविष्य की कल्पना करता है। सदियों से, इसका निर्माण पितृसत्ता के पुरुषवादी दृष्टिकोण से हुआ है, यहाँ तक कि उन सभ्यताओं में भी जहाँ महिलाओं की पूजा की जाती थी। आज, मीडिया और साहित्य से लेकर सिनेमा, संगीत, खेल और डिजिटल सामग्री तक, रचनात्मक उद्योगों में महिलाएँ उस पटकथा को नए सिरे से लिख रही हैं और देवी के विचार को दोबारा एक नई परिभाषा दे रही हैं, ताकि उनके प्रति श्रद्धा को घर, अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र में समान अधिकार, समान सम्मान और साझा ज़िम्मेदारी के रूप में दर्शाया जा सके।

परिवर्तन के अगले स्तर का नेतृत्व अब संसदों के साथ-साथ कार्यालयों, बोर्ड रूम, प्रयोगशालाओं और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से भी होना चाहिए। सरकारी विभागों और राजनीतिक दलों से लेकर विश्वविद्यालयों, अनुसंधान परिषदों, स्टार्टअप्स और बड़े निगमों तक, हर संस्थान को लैंगिक समानता को अपने डीएनए में शामिल करना होगा। इसका अर्थ है कि लैंगिक समानता वाली शिक्षा से लेकर नौकरियों की मूल्य श्रृंखला तक, जहाँ लड़कियाँ कक्षाओं से आगे बढ़कर व्यापक उद्योग 4.0 व्यवस्था तंत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में करियर बना सकें। इसका एक दूसरा अर्थ ये भी है कि कॉर्पोरेट नेता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भर्ती, प्रतिधारण, दोबारा प्रवेश और पदोन्नति में समानता के लिए प्रतिबद्ध हों और वरिष्ठ प्रबंधन और बोर्ड में और ज्यादा महिलाओं को शामिल करें। इसके लिए एक शोध और नवाचार प्रणाली और एक स्टार्टअप संस्कृति को तैयार करना होगा, जहां महिला संस्थापक, वैज्ञानिक और रचनाकार समान शर्तों पर ऋण, मार्गदर्शन और बाज़ार तक पहुँच सकें।

जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एजेंडे के केंद्र में रखा, डिजिटल लैंगिक अंतर को पाटने, महिलाओं की श्रमशक्ति में भागीदारी बढ़ाने और महिला उद्यमिता और नेतृत्व का विस्तार करने की प्रतिबद्धताएँ ज़ाहिर कीं। सशक्त महिलाएँ हमारे युग की महान बदलावकारी शक्ति हैं। अपने परिवारों, समुदायों, देशों और दुनिया को बदलने वाली परिवर्तित महिलाओं के रूप में, वे जनसांख्यिकीय लाभ उठाते हुए महिलाओं और लड़कियों को आज़ादी, विकल्प और सम्मान से जीवन जीने में सक्षम बनाती हैं। भारत अगर इस आंदोलन को इसी रफ्तार से आगे बढ़ाता है, तो एक अग्रणी शक्ति के रूप में इसकी दूसरी पारी की शुरूआत, 2047 तक विकसित भारत की यात्रा से शुरू होगी, वो यात्रा जो नारी शक्ति द्वारा प्रज्वलित और संचालित होगी।

लेखिका संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव और लैंगिक समानता तथा महिला-नेतृत्व वाले विकास की एक अग्रणी वैश्विक समर्थक हैं। लेख में व्यक्त किए गए विचार उनके व्यक्तिगत विचार हैं।

# एक राष्ट्रीय संकल्पः संपूर्ण सरकार और समाज साझा रूप से बाल विवाह मुक्त भारत की ओर अग्रसर

//अन्नपूर्णा देवी //

**एक ऐसे देश में जहाँ महिलाएँ और बच्चे एक अरब से ज़्यादा जीवनों का आधार हैं, उनका सशक्तिकरण महज़ एक नीतिगत विकल्प नहीं है, बल्कि यह भारत की नियति का मार्ग है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी शासन में, भारत एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुज़र रहा है, जो वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को मानव-केंद्रित प्रगति के साथ जोड़ रहा है। नए भारत की कहानी केवल आर्थिक उपलब्धियों और बढ़ते वैश्विक कद में ही नहीं, बल्कि उन कक्षाओं में भी आकार ले रही है, जहाँ युवा मन विकसित होते हैं, उन आंगनवाड़ी केंद्रों में जहाँ हमारे बच्चों का पालन-पोषण होता है, और उन घरों में जहाँ आकांक्षाएँ पनपती हैं।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन गई है, जो विकसित भारत2047 के लिए हमारे सामूहिक मिशन को भी आगे बढ़ा रही है। इसी सफर में एक अहम पड़ाव पिछले वर्ष 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ है।

अपनी साहसिक और अटल दृष्टि के साथ, हमने वर्ष 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने की अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक बार फिर दोहराई है, ताकि हर बालिका और बालक सुरक्षित रूप से बड़े हो सकें, अपनी शिक्षा जारी रख सकें और गर्व तथा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को आकार दे सकें। शुरू से ही, हमने संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज के नज़रिए को अपनाया है, लिहाज़ा हम मानते हैं कि इस चुनौती का हल महज़ नीतियों से नहीं किया जा सकता। इसके लिए सामूहिक एकता की ज़रुरत है, जिसमें परिवार, समुदाय, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता, संस्थान और सरकार कंधे से कंधा मिलाकर, सदियों पुरानी प्रथा को तोड़ने और हर बच्चे की आकांक्षाओं की रक्षा करने के लिए एक साथ खड़े हों। हमारे साझा संकल्प के एक शक्तिशाली प्रतिबिंब के रूप में, गाँवों और कस्बों के करोड़ों लोग बाल विवाह को समाप्त करने का संकल्प लेने के लिए आगे भी आए हैं।बाल विवाह हमारे देश में पीढ़ियों से चली आ रही सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह अक्सर उन समुदायों में दिखती है, जहाँ शिक्षा, संसाधनों और जागरूकता की सीमित पहुँच है। अभाव और असमान अवसरों के कारण पैदा हुई ये कमियाँ, इस प्रथा को जारी रखने में मदद करती हैं, जिससे अनगिनत बच्चे अपने उज्ज्वल भविष्य को साकार करने से वंचित रह जाते हैं।वर्तमान में बेहतरी के लिए प्रयासः मोदी सरकार के तहत, हम उन जड़ों को खत्म कर रहे हैं, जिन्होंने कभी इस प्रथा को पोषित किया था। स्पष्ट नीतिगत दिशा, विचार विमर्श कर तैयार की गई योजनाओं और शासन में समुदायों के नए विश्वास के साथ, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उन परिस्थितियों को खत्म करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिनके कारण बाल विवाह की प्रथा अब तक जारी रही। आज हम जो प्रगति देख रहे हैं, वह सुनियोजित ढंग से तैयार की गई योजनाओं की वजह से हैं, जिनके तहत महिलाएं और बच्चे राष्ट्रीय विकास के केंद्र में हैं। हमारी नीतियां और पहल, संवेदनशील कारणों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर अधिकार, देश के सबसे दूरस्थ गाँव और बस्तियों में सबसे कमजोर बच्चे के जीवन पर सकारात्मक असर डालते हुए अंतिम छोर तक पहुँचे। सरकार की हर योजना महिलाओं और बच्चों को जोखिम के हर चरण में सहारा देने के लिए तैयार की गई है, ताकि अजन्मे बच्चे से लेकर किशोरी तक, उनके जीवन के हर चरण की सुरक्षा, प्राथमिकता और सशक्तिकरण हो। पोषण ट्रैकर और पोषण भी पढ़ाई भी से लेकर समग्र शिक्षा अभियान तक, और राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम से लेकर प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना तक, हर पहल एक सुरक्षा कवच और हर बच्चे के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान भविष्य की ओर एक मार्ग के रूप में कार्य करती है।समावेशन के उत्प्रेरक के रूप में तकनीक की मदद से, मंत्रालय का प्रमुख डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, पोषण ट्रैकर, 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को स्तनपान कराने वाली माताओं, छह साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों से सहजता से जोड़ता है। इसने देश भर में 10.14 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के लिए एक मज़बूत सुरक्षा तंत्र तैयार कर दिया है। इस डिजिटल सक्षमता के साथ पोषण भी पढ़ाई भी, एक बदलावकारी प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पहल के रूप में तैयार हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक पूर्व-प्राथमिक बच्चे को समग्र, उच्च-गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक प्रोत्साहन मिले, जो आजीवन सीखने की भावना की नींव रखता है।हमारी नीतियाँ न केवल इरादे, बल्कि ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई को भी दर्शाती हैं। निरंतर बजटीय प्रतिबद्धताओं और लक्षित निवेशों में सुधारों को शामिल करते हुए, मोदी सरकार ने यह साफ कर दिया है कि बाल विवाह जैसी गंभीर समस्याओं से बच्चों की रक्षा करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनी हुई है। राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम, जिसके लिए केवल 2025-26 के लिए 1,827 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण स्कूल न छोड़े, जो बाल विवाह के सबसे अहम कारणों में से एक है। इस बीच, प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली युवतियों को ज़रुरी वित्तीय सहायता प्रदान करती है।प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने युवाओं को उद्योग-संबंधित कौशल से लैस करके, उन्हें वित्तीय प्रोत्साहन और मान्यता प्राप्त सरकारी प्रमाणन प्रदान करके इस सुरक्षा कवच को और मज़बूत किया है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री-दक्ष योजना, हाशिए पर पड़े समुदायों, खासकर अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के युवाओं को सशक्त बनाती है, जो बाल विवाह के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। उन्हें कौशल और अवसरों का लाभ देकर, हम समृद्ध और स्वतंत्र जीवन के मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई मिसाल कायम कर रहे हैं।कुछ साल पहले तक, बाल विवाह को समाप्त करने का विचार दूर की कौड़ी, यहाँ तक कि असंभव नज़र आता था। लेकिन भारत ने इसके विपरीत साबित कर दिया है। स्पष्ट नीतियों, निरंतर कार्रवाई, केंद्रित जमीनी प्रयासों और मापयोग्य प्रगति के ज़रिए, हमने उस धारणा को चुनौती दी है और दिखाया है कि बदलाव न केवल मुमकिन है, बल्कि पहले से ही उसके प्रयास जारी हैं।यह अभूतपूर्व बदलाव हज़ारों छोटी-बड़ी, सशक्त कोशिशों का नतीजा है।

हमारे बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) इस मिशन की रीढ़ बनकर उभरे हैं। पिछले एक साल में ही, हमने देश भर में 37,000 से ज़्यादा सीएमपीओ नियुक्त करके अपनी अग्रिम पंक्ति को मज़बूत किया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सक्षम बनाकर, पंचायतों को सशक्त बनाकर और जिला प्रशासन को बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी देकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सबसे वंचित परिवारों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, बच्चों को वापस स्कूल लाया जाए और समुदायों को बाल विवाह के गंभीर उल्लंघन के बारे में जागरूक किया जाए। अब तक, हमने 6,30,000 से ज़्यादा, स्कूल न जाने वाली लड़कियों की पहचान की है और उन्हें कक्षाओं में फिर से दाखिला दिलाया है। चुप्पी से लेकर शिकायत तक, सामाजिक कलंक से लेकर समर्थन तक–भारत ने चुना बदलाव का रास्ताः आज, हम इस समस्या का हल अधिक सटीकता, पारदर्शिता और प्रभाव के साथ निकालने के लिए नवीनतम तकनीकी प्रगति की मदद ले रहे हैं। सार्वजनिक रूप से सुलभ, केंद्रीकृत मंच, बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल, इस प्रगति का प्रतीक है, जो देश भर के बाल विवाह निषेध अधिकारियों की जानकारी एक साथ लाता है, मामलों की रिपोर्टिंग के लिए एक प्रभावी तंत्र प्रदान करता है, और हितधारकों और नागरिकों के बीच जागरूकता को मज़बूत करता है।

## तस्वीरों की दुनिया



राज्यपाल रमेन डेका ने संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में प्यारे श्रीराधाकृष्ण संस्कार मंच, जामुल के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुजरात के बनासकांठा में कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करते हुए।



पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखने की पूर्व टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर की योजना के मद्देनजर लोग ईंटें लेकर चल रहे हैं, जिससे राज्य में राजनीतिक तापमान बढ़ गया है।



मुर्शिदाबाद में बेलडांगा रेलवे स्टेशन के पास सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं। टीएमसी के सस्पेंड विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखी, जिससे राज्य में राजनीतिक माहौल गरमा गया है।



नई दिल्ली में पार्लियामेंट हाउस कॉम्प्लेक्स में, भारत के संविधान बनाने वाले बाबासाहेब अंबेडकर को उनकी 69वीं पुण्यतिथि, जिसे 'महापरिनिर्वाण दिवस' भी कहा जाता है, पर श्रद्धांजलि देने के लिए एक इवेंट के दौरान, आगे की लाइन में बाएं से, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और वीरेंद्र कुमार, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वाइस प्रेसिडेंट सीपी राधाकृष्णन।




केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी और अन्य लोग झारखंड के देवघर में एक कोर पार्टी मीटिंग के दौरान।

# इंडिगो संकट का पांचवां दिनः 800 से अधिक उड़ानें रद एअरलाइन के CEO को सरकार ने भेजा कारण बताओ नोटिस



**नईदिल्ली, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो की शनिवार को लगातार पांचवें दिन 800 से अधिक उड़ानें रद होने से यात्री हलकान रहे। कंपनी ने एक दिन पहले 1600 उड़ानें रद की थीं। देश के विमानन इतिहास में किसी भी भारतीय एयरलाइन द्वारा एक दिन में उड़ानें रद करने का यह एक रिकॉर्ड है। इंडिगो सामान्य रूप से प्रतिदिन 2300 उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन ने कहा कि उसने शनिवार को 1500 उड़ानें संचालित कीं। इसने यह भी कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक नेटवर्क कनेक्टिविटी बहाल हो चुकी है, क्योंकि मौजूदा 138 गंतव्यों में से 135 पर परिचालन फिर से शुरू हो गया है। घरेलू विमानन सेवा में इंडिगो की 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है, इसलिए उड़ानें थमने से हजारों यात्री देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से शनिवार को 106 उड़ानें रद हुईं।

कलकत्ता हवाई अड्डे पर 41 उड़ानें रद की गईं।नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि देशभर के हवाई अड्डों पर यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। चेक-इन और चेक-आउट सुचारु रूप से हो रहा है। मनमाने तौर-तरीके और गैरपेशेवर व्यवहार का आरोप झेल रही इंडिगो ने एक्स और अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा है कि उड़ानें रद या देरी होने का मुख्य कारण अचानक बड़ी संख्या में स्टाफ की अनुपस्थिति, क्रु की उपलब्धता में कमी, आपरेशनल मैनेजमेंट और सिस्टम सिंक्रोनाइजेशन में गड़बड़ी है। एक क्रु मेंबर के सीक्रेंसिंग में फंसने से कई उड़ानें एक के बाद एक रद करनी पड़ीं।एयरलाइन ने कहा, इंडिगो पूरे नेटवर्क में अपने परिचालन को पटरी पर लाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। हमारी टीमें शेड्यूल को स्थिर करने और देरी को कम करने पर लगी हुई हैं। शुक्रवार की तुलना में आज कम उड़ानें रद हुईं। हम अगले कुछ दिनों में इस संख्या को धीरे-धीरे कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय विमानन परिषद के अध्यक्ष नितिन जाधव ने इंडिगो की उड़ानें रद होने की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, इसके लिए इंडिगो प्रबंधन ही जिम्मेदार है, पायलट नहीं.. डीजीसीए (नागरिक विमानन महानिदेशालय) उसका समर्थन कर रहा है। मैं डीजीसीए और इंडिगो की सीबीआई जांच की मांग करता हूं। इसके पीछे एक छिपा हुआ एजेंडा है। पायलटों के संगठन एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन इंडिया ने डीजीसीए द्वारा इंडिगो को दी गई राहत पर कड़ी आपत्ति जताई है। इसने कहा कि इन छूटों ने न केवल नियामक समानता को नष्ट किया है, बल्कि लाखों यात्रियों को जोखिम में भी डाल दिया है। इंडिगो के लगातार बिगड़ते हालात के बीच सरकार ने अब सख्त कदम उठा लिया है। डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को कारण बताओ नोटिस भेजकर 24 घंटे में जवाब देने को कहा है। एयरलाइन के भारी पैमाने पर हो रहे कैंसिलेशन और देरी से यात्रियों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## करूर हादसे के बाद पुडुचेरी में 9 दिसंबर को होगी TVK की रैली, CM ने शर्तों पर दी मंजूरी



**पुडुचेरी।** अभिनेता विजय की राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) करूर हादसे के बाद अपनी पहली बड़ी सार्वजनिक रैली 9 दिसंबर को पुडुचेरी के उप्पलम ग्राउंड में आयोजित करेगी।27 सितंबर को टीवीके द्वारा करूर में आयोजित सभा में मची भगदड़ से 41 लोगों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने पार्टी की गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। टीवीके को केवल सीमित संख्या में बैठकें करने की अनुमति थी। अपने राजनीतिक अभियान को फिर से गति देने के लिए टीवीके ने पुडुचेरी में रोड शो की अनुमति मांगी, लेकिन प्रशासन ने संकरी सड़कों का हवाला देते हुए पार्टी के अनुरोध को खारिज कर दिया। इसके बाद पार्टी की अपील पर मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने कड़ी शर्तों के साथ सार्वजनिक रैली को मंजूरी दी।

## पटरी पार करने के दौरान छह महिलाएं और बच्चे मालगाड़ी से टकराए, एक की मौत

**जबलपुर 07 दिसम्बर।** मदन महल रेलवे स्टेशन में शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे रेल पटरी पार करने के दौरान हादसा हो गया। प्लेटफार्म से उतरकर पटरियां पैदल पार करने की कोशिश में छह यात्री एक मालगाड़ी से टकरा गए। हादसे में नरसिंहपुर निवासी एक महिला की मौत हो गई। घायल नन्हीं बाई, शिवानी पटेल, पुष्पा समेत दो अन्य को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक व दो अन्य घायलों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस उनके स्वजन व पहचान वालों की तलाश कर रही है। घटना उसे समय हुई जब रानी कमलापति से चलकर मदन महल जनशताब्दी एक्सप्रेस पहुंची। उसमें सवार कुछ यात्री प्लेटफार्म एक पर ट्रेन से उतरकर बाहर निकालने के लिए पैदल पटरियां पार करते हुए प्लेटफार्म नंबर दो की ओर जा रहे थे। वे मुख्य स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे तभी उसी लाइन पर एक मालगाड़ी आ गई। जबलपुर से कछपुरा की ओर जा रही इस गाड़ी का चालक जब तक ब्रेक लगता यात्री मालगाड़ी से टकरा गए। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस के अनुसार घायल यात्री आपस में परिचित हैं। वे लोग नरसिंहपुर से जनशताब्दी एक्सप्रेस में जबलपुर आने के लिए सवार हुए थे। मदन महल स्टेशन में ट्रेन पहुंचने पर उनका यात्री डिब्बा जबलपुर स्टेशन के करीब पहुंचा। जल्दी बाहर जाने के लिए उन्होंने रेल पटरी पार करने का प्रयास किया। पुरुष यात्री फटाफट प्लेटफार्म के ऊपर चढ़ गए। उनके साथ जा रही तीन महिला और दो बच्चे प्लेटफार्म पर चढ़ पाते उसके पहले ही हादसा हो गया। बच्चों की आयु दो से पांच वर्ष के मध्य है।गनीमत यह रही की दुर्घटना में बच्चों को गंभीर चोट नहीं आई है। अन्य दो महिलाओं की स्थिति खतरे से बाहर है। घटना होते ही मदन महल रेलवे स्टेशन के अधिकारी, आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी छह घायलों को तुरंत मेडिकल अस्पताल लेकर गए।

## नोएडा एयरपोर्ट पर पीएम की रैली के लिए तैयारियां तेज BSNL ने हॉटलाइन और हाईस्पीड इंटरनेट पर शुरू किया काम



**जेवर 7 दिसम्बर।** नोएडा एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री की संभावित रैली को देखते हुए भारत संचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी सेवाएं देने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बीएसएनएल को हॉट लाइन सुविधा उपलब्ध करानी होती है। प्रोटोकाल के अनुसार उन्हें तीन हॉट लाइन दी जाती हैं। जिससे सभी संचार सुविधाएं फेल होने पर भी प्रधानमंत्री का संपर्क पीएमओ और अतिमहत्वपूर्ण जगहों से बना रहे। जनसभा के दौरान जनसभा स्थल पर हाईस्पीड इंटरनेट की भी आवश्यकता होती है जिसके लिए बीएसएनएल 350 एमबीपीएस से अधिक गति की इंटरनेट सुविधा देने के लिए तेजी से काम कर रहा है।जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट के उद्घाटन और व्यवसायिक उड़ाने के संचालन के लिए एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस और प्रधानमंत्री कार्यालय से उद्घाटन की तारीख तय होनी है। प्रधानमंत्री की संभावित रैली को देखते हुए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी ने जनसभा स्थल पर जर्मन हैंगर लगाने के साथ कुर्सी सोफे और मैट बिछाते हुए तैयारियां शुरू कर दी हैं।इसके साथ ही एयरपोर्ट पर संचार की सुविधाओं को मजबूत करने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड ने भी हॉट लाइन और हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए काम तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मीडिया और विशेष सुरक्षा बल (एसपीजी) की गाइडलाइन के अनुसार अन्य जगहों पर हाईस्पीड इंटरनेट उपलब्ध कराना होता है। संभावित कार्यक्रम को देखते हुए विभाग ने 350 एमबीपीएस से अधिक गति की इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया है।

## इंडिगो संकट के बीच रांची रेल मंडल की तरफ से यात्रियों को बड़ी राहत, प्रमुख ट्रेनों में लगाए गए अतिरिक्त कोच

**रांची 7 दिसम्बर।** इंडिगो की कई उड़ानें रद होने के कारण वायु मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या अचानक रेलवे की ओर बढ़ गई है। बदलते हालात को देखते हुए रांची रेल मंडल ने त्वरित पहल करते हुए यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंडल का यह कदम यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। वाणिज्य एवं परिचालन विभाग की संयुक्त टीम ने उपलब्धता, मांग और प्रतीक्षा सूची का विश्लेषण कर यह सुनिश्चित किया कि अतिरिक्त कोच लगाने का लाभ अधिकतम यात्रियों तक पहुंच सके।12877 रांची- नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस में पांच दिसंबर को वातानुकूलित थर्ड इकोनामी (थर्ड ई) का एक अतिरिक्त कोच लगाया गया। 18611 रांची-वाराणसी एक्सप्रेस में छह दिसंबर को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस में छह दिसंबर को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा।

## मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा के जंगल में मुठभेड़, डेरा छोड़कर भागे माओवादी

**बालाघाट 07 दिसम्बर।** माओवाद के खात्मे के मिशन-2026 को पूरा करने के लिए सुरक्षा बल माओवादियों की चौतरफा घेराबंदी कर रहे हैं। शनिवार को मध्य प्रदेश के बालाघाट और छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ सीमा क्षेत्र के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। एसपी आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर माताघाट के जंगल में माओवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। माओवादियों की संख्या स्पष्ट नहीं है। जवानों की मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई के बाद माओवादी अपना डेरा छोड़कर भाग निकले।सुरक्षा बलों ने उनके डेरे से बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग के सामान, मेडिकल, इलेक्ट्रानिक सामग्री, पिट्ठू बैग आदि बरामद किया है। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में सर्चिंग और तेज कर दी गई है।

## हिंदू विकास दर ने पूरी सभ्यता को बदनाम किया, ऐसी मानसिकता छोड़े, गरजे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोगों से अपील की कि वे अगले 10 वर्षों में देश को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह आजाद करें। उन्होंने तथाकथित बुद्धिजीवियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सालों की धीमी आर्थिक विकास दर को हिंदू रेट आफ ग्रोथ कहकर पूरी सभ्यता को बदनाम करने की कोशिश की। ऐसे मानसिकता छोड़नी होगी। मोदी ने कहा कि भारत ऐसे समय में आत्मविश्वास से भरा हुआ है जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है। भारत वैश्विक मंदी के दौर में भी विकास की कहानी लिख रहा है। हर क्षेत्र औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर गर्व के साथ नई उपलब्धियों की ओर बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में मानसिक गुलामी के बीज बोने वाली मैकाले की नीति 2035 में 200 वर्ष पूरे कर लेगी। इसका मतलब है कि अभी 10 वर्ष बाकी हैं। इसलिए, इन्हीं 10 वर्षों में हम सभी को मिलकर अपने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराना होगा। एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि हिंदू विकास दर का शब्द तब प्रयोग किया गया था जब भारत दो-तीन प्रतिशत की विकास दर के लिए तरस रहा था। देश के विकास को उसके लोगों की आस्था और पहचान से जोड़ना उपनिवेशवाद की मानसिकता का प्रतीक था।मोदी ने कहा कि यह साबित करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। उन्होंने कहा, आज के तथाकथित बुद्धिजीवी जो हर चीज में सांप्रदायिकता ढूंढते हैं, उन्हें हिंदू विकास दर कहने पर सांप्रदायिकता नहीं दिखी।

उनके समय में यह बातें किताबों और शोध पत्रों का हिस्सा बनी थीं। प्रधानमंत्री ने भारत को उच्च विकास और निम्न मुद्रास्फीति का एक माडल बताया। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्शाती है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बन रहा है। मोदी ने कहा- भारत का आत्मविश्वास उपनिवेशवाद की मानसिकता से हिल गया था, लेकिन अब हम इससे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग लीग में नजर आ रहा है। मोदी ने कहा- भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। जब आर्थिक सुस्ती की बात होती है तो भारत विकास की कहानी लिखता है। उन्होंने भारत की जीडीपी की वृद्धि दर के आठ प्रतिशत से अधिक के आंकड़े को विकास का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा- यह सिर्फ एक संख्या नहीं है, बल्कि एक मजबूत व्यापक आर्थिक संकेत है। उन्होंने बताया कि वैश्विक वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत है जबकि जी-7 अर्थव्यवस्थाएं औसतन 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं।

## यूक्रेन पर रूस का बड़ा हवाई हमला कई शहर बने निशाना, आठ लोग घायल

कीव। यूक्रेन युद्ध को खत्म करवाने के लिए जारी कूटनीतिक प्रयासों के बीच रूस ने शुक्रवार-शनिवार रात यूक्रेनी शहरों पर बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले में रूस ने 653 ड्रोन और 51 मिसाइलों का इस्तेमाल किया लेकिन यूक्रेन ने ज्यादातर को आकाश में ही नष्ट करने का दावा किया है। इन हमलों में यूक्रेन के शहरों में आठ लोग घायल हुए, इनमें से तीन राजधानी कीव में घायल हुए हैं। रूसी हमलों की चपेट में यूक्रेन के कई बिजलीघर और उनसे जुड़े उपकरण आए हैं। इसके कारण जपोरीजिया के परमाणु बिजलीघर की बिजली आपूर्ति एक बार फिर भंग हो गई है। यह परमाणु बिजलीघर मार्च 2022 में रूस के कब्जे में है जबकि इसके बंद पड़े रिएक्टरों को ठंडा रखने के लिए बिजली की आपूर्ति यूक्रेन से होती है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि आमजनों को ठंड में परेशान करने के लिए रूस यूक्रेनी बिजलीघरों को निशाना बना रहा है। इस बीच यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस के रियाजान तेलशोधक कारखाने के निशाना बनने की सूचना है। हमले से कारखाने में आग लग गई है जिसकी लपटें दूर से देखी जा सकती हैं।

# बेगूसराय के तेघड़ा में विधानसभा चुनाव और SIR अभियान के कर्मियों को किया गया सम्मानित, SDM ने की सराहना



**बेगूसराय, 07 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 एवं विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मियों को शनिवार को अटल कलाम भवन, तेघड़ा में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा ने की। समारोह में एसडीओ ने कहा कि विधानसभा चुनाव केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं था, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास और पारदर्शिता की परीक्षा था। उन्होंने बताया कि तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 में बीएलओ और संबंधित कर्मियों ने घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े और अपात्र नामों को विलोपित किया। इस प्रयास के परिणामस्वरूप मतदाता सूची की गुणवत्ता में सुधार हुआ और जेंडर रेशियो में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस उपलब्धि के साथ तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र जिला स्तर पर अग्रणी रहा। सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र की रीढ़ है। तेघड़ा और बरौनी प्रखंड के बीएलओ, सुपरवाइज़र और अन्य कर्मियों ने निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया, जिससे चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सकी। समारोह में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सीडीपीओ, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सहित कई विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यालय कर्मी एमामुल हक ने कहा कि एसडीओ द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह सभी कर्मियों के लिए प्रेरणादायक है और इससे उन्हें अपने कार्य पर गर्व का अनुभव हुआ। समारोह के अंत में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइज़र, सेक्टर पदाधिकारियों सहित सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारी और कर्मियों ने भविष्य में निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने का संकल्प लिया।

## राजस्थान में दामाद का खूनी खेल, सास और पांच साल के नाती की कर दी निर्मम हत्या

**उदयपुर।** राजस्थान के सलूंबर जिले के सेमारी थाना क्षेत्र में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला और उनके 5 वर्षीय नाती की निर्मम तरीके से हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। हमलावरों ने मृतक महिला के पैरों पर धारदार हथियार से वार कर उनके चांदी के कड़े निकाल लिए थे, दोनों के शरीर पर सिर, छाती और पेट पर गहरे घाव पाए गए हैं। घर से अन्य किसी सामान की चोरी नहीं हुई, जिससे पुलिस को यह व्यक्तिगत रंजिश का मामला लग रहा है।इस घटना के बाद इलाके में तनाव है, जिसके कारण गांव में आठ थानों की पुलिस तैनात है। महिला के पति धन्ना मीणा ने अपने फरार दामाद गंगाराम मीणा पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गंगाराम अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी से झगड़ा करता था और धमकियां देता था। परिजन दामाद और उसके पिता की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं और गिरफ्तारी होने तक पोस्टमार्टम की सहमति देने से इन्कार कर दिया है। पुलिस फरार दामाद की तलाश कर रही है।

## गौतस्करी के शक में अवैध पनीर लदे पिकप को गौरक्षकों ने पकड़ा, जांच के लिए भेजे गए सैंपल



**बल्लभगढ़।** सेक्टर-दो बाईपास पर मेवात से लेकर आ रहे संदिग्ध पनीर से भरी हुई एक पिकअप को गो रक्षकों ने पकड़ लिया और उसे महाराजा अग्रसेन चौकी पुलिस को सौंप दिया। चौकी इंचार्ज ने खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को बुलाकर नमूने भरवा दिए हैं और जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। गोरक्षक सेक्टर-दो बाईपास पर शनिवार सुबह गश्त कर रहे थे।तभी एक पिकअप पलवल की तरफ से आती हुई दिखाई दी। उन्हें शक हो गया कि इसमें पशु तस्कर हैं जो गोवंशियों को पकड़ने आ रहे हैं। तभी उन्होंने पिकअप को पीछा करके रुकवा लिया। पिकअप में बैठे लोगों से उनके नाम पूछे तो उन्होंने अपने नाम शौकिन, बिलाल, आमिर निवासी पुन्हाना नूंह जिला बताया। गोरक्षकों ने पिकअप के अंदर रखे सामन के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वह पनीर लेकर आए और बल्लभगढ़ में दुकानदारों को बेचने के लिए आपूर्ति करनी है। तभी गोरक्षक पनीर को संदिग्ध बता कर पिकअप को थाना शहर ले आए। यहां पर महाराजा अग्रसेन चौकी के इंचार्ज धर्मपाल ने अपनी कार्रवाई करके छोड़ दिया।उनका कहना है कि खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नमूने ले लिए है और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। नमूनों के फेल होने की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

## सीसीटीवी हैक कर दंपती के निजी पल के वीडियो इंटरनेट पर किए पोस्ट



**अहमदाबाद।** सूरत में हैकर ने फ्लैट के सीसीटीवी नेटवर्क को हैक कर एक दंपती के निजी पल के अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वासु पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित वेसु अपार्टमेंट में रहने वाले कारोबारी दंपती ने अपने कार्यालय के साथ घर पर भी सीसीटीवी लगवाये थे ताकि अपनी गैरहाजिरी में छह वर्षीय बच्चे की निगरानी कर सकें। हैकर ने इनके सीसीटीवी नेटवर्क को हैक कर दंपती के निजी पल के अश्लील वीडियो अलग- अलग इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर दिए। कारोबारी ने जब अश्लील वीडियो देखा तो इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस निरीक्षक जेआई पटेल ने बताया कि बीएनएस की धारा 77 तथा आइटी एक्ट की धारा 66ई व 67 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। पुलिस ने सीसीटीवी सिस्टम लगाने वाले से भी पूछताछ की है।

## महादेव सट्टा एप में 3000 नेता, अफसर और पत्रकार जांच के घेरे में, छत्तीसगढ़ पुलिस ने तैयार की संदिग्धों की सूची

**दुर्ग।** महादेव आनलाइन सट्टा एप नेटवर्क पर छत्तीसगढ़ पुलिस का शिकंजा लगातार कस रहा है। दुर्ग पुलिस ने 3,000 संदिग्ध लोगों की सूची तैयार की है। इन लोगों की मोबाइल गतिविधियों, बैंकिंग



लेनदेन और डिजिटल वालेट की गहन निगरानी की जा रही है, क्योंकि जांच में इनकी सट्टा कारोबार में संलिप्तता का संदेह है। इस हाई-प्रोफाइल सूची में स्थानीय नेताओं, सरकारी अफसरों, कर्मचारियों के साथ-साथ कुछ पत्रकारों के नाम भी शामिल हैं। इस मामले में अब तक 70 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 300 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले की जांच सीबीआई और ईडी भी कर रही है। दुर्ग के एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि अपराध में शामिल किसी व्यक्ति को राजनीतिक, सामाजिक या प्रशासनिक प्रभाव के आधार पर राहत नहीं मिलेगी। आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी, संपत्ति जब्ती और आर्थिक अपराध की कार्रवाई की जाएगी। महादेव सट्टा एप केस आनलाइन सट्टेबाजी और धन शोधन रैकेट जुड़ा है। इसकी जड़ें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से जुड़ी हैं। यह आनलाइन प्लेटफार्म है जो क्रिकेट, फुटबाल और अन्य खेलों पर सट्टा लगाने के लिए आइडी प्रदान करता है। इस एप के मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल हैं, जो भिलाई के निवासी हैं और दुबई से इस पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहे हैं।

## बीएसएफ ने 5.47 करोड़ रुपये के सोने के 36 बिस्कुट जब्त किए, तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 32वीं वाहिनी के जवानों ने एक बार फिर सोने की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम कर



5.47 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के 36 बिस्कुटों की बड़ी खेप जब्त की और एक कथित भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया।अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि बानपुर सीमा चौकी के जवानों ने गुरुवार को एक विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया तथा संदिग्ध तस्करी मार्गों पर पैनी नजर रखी।अभियान के दौरान जवानों ने एक व्यक्ति को सीमावर्ती सड़क से बानपुर गांव की ओर संदिग्ध रूप से जाते देखा। बुलाने पर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से सोने के 36 बिस्कुट बरामद हुए जिसका कुल वजन 4.23 किलोग्राम है। सोने को बांग्लादेश से तस्करी कर लाया जा रहा था। जब्त सोने और तस्कर को आगे की जांच के लिए कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया है। बीते 10 दिनों के भीतर दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के सीमा क्षेत्र से सोने की यह तीसरी बड़ी जब्ती है।दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी व डीआईजी एनके पांडेय ने इस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि बल के सतर्क जवान तस्करी जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा इलाके के निवासियों से अपील की कि वे सोने की तस्करी से जुड़ी कोई भी जानकारी तुरंत बीएसएफ के साथ सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 या वाट्सऐप नंबर 9903472227 पर साझा करें। पक्की सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा और उनकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

# रोजाना टमाटर खाने से मिल सकते हैं ये 5 स्वास्थ्य लाभ, डाइट में करें शामिल

टमाटर का इस्तेमाल लगभग हर रसोई में किया जाता है। यह न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है। टमाटर में विटामिन-सी, पोटेशियम और लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसलिए इन्हें अपने खाने में शामिल करें। आइए जानते हैं कि रोजाना टमाटर का सेवन करने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।



**दिल की सेहत के लिए है फायदेमंद**

टमाटर में मौजूद लाइकोपीन दिल के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह धमनियों में सूजन को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है। इसके अलावा टमाटर का नियमित सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। टमाटर में पोटेशियम भी होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक है।

**वजन घटाने में है मददगार**

वजन घटाने के लिए टमाटर का सेवन करना बहुत लाभकारी हो सकता है। टमाटर में कम कैलोरी होती हैं और यह फाइबर से भरपूर होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है। इससे आपको बार-बार खाने की इच्छा नहीं होती और आप ज्यादा खाने से बच सकते हैं। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर की ऊर्जा को बढ़ाते हैं, जिससे शरीर अधिक कैलोरी जलाता है और वजन घटता है।

**पाचन क्रिया को सुधारने में है प्रभावी**

टमाटर में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। टमाटर का नियमित सेवन करने से पेट साफ रहता है और पाचन क्रिया सही तरीके से काम करती है। साथ ही टमाटर का सेवन पेट की सूजन को भी कम कर सकता है।

**त्वचा के लिए है फायदेमंद**

टमाटर में विटामिन-सी और लाइकोपीन होते हैं, जो त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और मुंहासों से छुटकारा दिलाते हैं। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करते हैं। टमाटर का नियमित सेवन करने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है। आप टमाटर के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे आपकी त्वचा तरोताजा और निखरी हुई दिखेगी।

**आंखों की रोशनी बढ़ाने में है सहायक**

टमाटर में विटामिन-ए और बीटा कैरोटीन होते हैं, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। ये विटामिन आंखों की रोशनी को बढ़ाने के साथ-साथ उनसे जुड़ी समस्याओं को भी दूर रखते हैं। इसके अलावा टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आंखों की सूजन को कम करते हैं। टमाटर का नियमित सेवन करने से आपकी आंखें स्वस्थ रहती हैं



*मांग में सिंदूर, आंखों पर काला चश्मा और हाई बन..'गुस्ताख इश्क' की स्क्रीनिंग छाईं रेखा, ब्लैक साड़ी में दिखा रॉयल अंदाज*

# मोनालिसा ने समंदर किनारे दिखाया हुस्न का जलवा, एक-एक तस्वीर देख फैंस बोले- बहुत खूब

पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन खुद से जुड़े पोस्ट शेयर करती रहती हैं. उनके फोटोज और वीडियोज आते ही तेजी से वायरल हो जाते हैं. मोनालिसा का प्यारा अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आता है और प्यारे कमेंट की बौछार कर देते हैं. अब उन्होंने अपनी कुछ फोटोज फैंस का ध्यान खींचा है. मोनालिसा समंदर किनारे एक से बढ़कर पोज देते हुए नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस इस दौरान अपनी बोल्ड अदाएं दिखाने का मौका नहीं चूकीं. यहां पर मोनालिसा की नई तस्वीरें देख सकते हैं.



मोनालिसा इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज और वीडियोज से फैंस का ध्यान खींचती हैं. मोनालिसा ने एक बार फिर अपने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं.

मोनालिसा ने फोटोशूट के दौरान एक से बढ़कर पोज देकर फैंस को दीवाना बनाया है. समंदर किनारे मोनालिसा ने अपने हुस्न का जलवा दिखाया है.

मोनालिसा ने एक बार फिर डीपनेक ड्रेस पहनकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है. मोनालिसा का ग्लैमरस अंदाज उनके तमाम चाहने वाले फैंस को पसंद आ रहा है.

मोनालिसा के फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की तस्वीरों को पसंद करने के साथ ही प्यारे रिएक्शन दे रहे हैं. एक फैन ने लिखा है, बहुत खूब. एक फैन ने लिखा है, वाह.

मोनालिसा के लिए ये पहला मौका नहीं जब वह इस तरह का ग्लैमरस पोज देती हैं. मोनालिसा कई बार छोटी ड्रेस में फोटोशूट करवाकर फैंस को झलक दिखाती हैं.

मोनालिसा को फैंस से तो काफी प्यार मिलता है लेकिन वह ट्रोल भी होती हैं. दरअसल, मोनालिसा का बोल्ड अंदाज कई लोगों को पसंद नहीं आता है.

भोजपुरी इंडस्ट्री से करियर शुरू करने वाली मोनालिसा ने टीवी की दुनिया में भी काफी नाम कमा लिया. मोनालिसा ने कई टीवी शोज में काम किया है.

मोनालिसा की पर्सनल लाइफ की बात की जाए तो उन्होंने एक्टर विक्रांत सिंह राजपूत के साथ शादी की है. इस कपल ने साल 2017 में सात फेरे लिए थे.

# कृति खरबंदा की हिट लिस्ट में है भव्य पीरियड ड्रामा से लेकर सानिया मिर्ज़ा की बायोपिक



अपनी खूबसूरती और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस कृति खरबंदा अब ऐसे किरदारों की तलाश में हैं, जो उन्हें एक नए, गहरे स्तर पर चुनौती दें। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि वह आगे किस तरह के रोल या जॉनर एक्सप्लोर करना चाहेंगी, तो उनका जवाब महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ अतीत की मधुर स्मृतियों और परफॉर्मेंस के प्रति जुनून से भरा हुआ था। उन्होंने बताया कि भविष्य में वे ऐतिहासिक ऐपिक फिल्मों जैसे मुगल-ए-आज़म, बाजीराव मस्तानी और राम लीला जैसी कालजयी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगी, जहाँ भव्यता के साथ-साथ इमोशन और दमदार किरदारों की दुनिया हो। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं मुगल-ए-आज़म और बाजीराव मस्तानी जैसी किसी फिल्म में काम करना पसंद करूंगी। हाउसफुल 4 के जरिए मैंने उस दुनिया की थोड़ी झलक देखी थी, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ऐसा किरदार निभाना चाहती हूँ, जो ऐतिहासिक हो। गौरतलब है कि कृति के लिए इन विशालकाय फिल्मों का सौंदर्य, उनकी भावनाएँ, शानदार कॉस्ट्यूम, और मजबूत महिला किरदार, सब मिलकर एक ?सी दुनिया रचते हैं जिसमें वह बतौर एक्टर अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ा सकें। वे कहती हैं, मेरे लिए ज़्यादा स्क्रीन प्रेज़ेंस से ज़्यादा ज़रूरी है, एक दमदार किरदार। हालांकि मैं अपने पर्सनल पैशन की बात करूं तो मैं मशहूर टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा का किरदार निभाना चाहूंगी क्योंकि मैंने अपनी लाइफ का एक बड़ा हिस्सा टेनिस खेलते हुए बिताया है। इसके अलावा इस बायोपिक को करने की एक वजह यह भी है कि मैं सानिया मिर्ज़ा की प्रेरणादायक कहानी से काफी प्रभावित हूँ।

वैसे बॉलीवुड में आज जिस तरह से पीरियड ड्रामा और स्पोर्ट्स बायोपिक लगातार छाए हुए हैं, ऐसे में कृति के फ़ैंस भी उन्हें इस तरह के किरदारों में देखना चाहेंगे क्योंकि उन्हें यकीन है कि कृति का ड्रीम रोल उनकी अभिनय यात्रा को एक

# वाशिंग मशीन की सफाई के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

वाशिंग मशीन की सफाई करना एक जरूरी काम है, जिसे कई बार लोग नजरअंदाज कर देते हैं। इससे न केवल मशीन की उम्र बढ़ती है, बल्कि कपड़ों की सफाई भी बेहतर होती है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी तरीकों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपनी वाशिंग मशीन को साफ और ताजा रख सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप अपनी वाशिंग मशीन को लंबे समय तक सही रख सकते हैं।



**सिरके का करें उपयोग**

सिरका एक प्राकृतिक सफाई का साधन है, जो वाशिंग मशीन की गंदगी और कीटाणुओं को खत्म करने में मदद करता है। इसके लिए आप अपनी मशीन के धोने वाले हिस्से में एक कप सिरका डालें और उसे गर्म पानी पर चलाएं। इससे मशीन के अंदर की सारी गंदगी साफ हो जाएगी और मशीन ताजगी महसूस करेगी। सिरके के उपयोग से कपड़ों की महक भी बेहतर होगी और मशीन की उम्र बढ़ेगी।

**बेकिंग सोडा से होगा फायदा**

बेकिंग सोडा भी एक अच्छा सफाई का साधन है, जो वाशिंग मशीन को साफ करने में मदद करता है। इसके लिए आपको बस एक कप बेकिंग सोडा लेना है और उसे मशीन के धोने वाले हिस्से में डालना है, फिर मशीन को गर्म पानी पर चलाएं। इससे मशीन के अंदर की सारी गंदगी साफ हो जाएगी और मशीन ताजगी महसूस करेगी। बेकिंग सोडा के उपयोग से कपड़ों की महक भी बेहतर होगी और मशीन की उम्र बढ़ेगी।

**गर्म पानी का करें उपयोग**

गर्म पानी का उपयोग करके आप अपनी वाशिंग मशीन को अच्छी तरह से साफ कर सकते हैं। इसके लिए मशीन के धोने वाले हिस्से में गर्म पानी भरें और उसे चलने दें। इससे सारी गंदगी और कीटाणु खत्म हो जाएंगे। गर्म पानी से कपड़ों की महक भी बेहतर होगी और मशीन की उम्र बढ़ेगी। इसके अलावा यह तरीका मशीन के अंदर की सफाई को भी बेहतर बनाता है और मशीन को ताजगी महसूस कराता है।

**लिक्विड डिटर्जेंट का करें इस्तेमाल**

अधिकांश लोग कपड़े धोने वाले पाउडर का उपयोग करते हैं, जो मशीन में जमा हो सकता है और गंदगी का कारण बन सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कपड़े धोने वाले पाउडर का उपयोग न करें बल्कि इसके स्थान पर लिक्विड डिटर्जेंट का उपयोग करें। इससे मशीन में कम जमा होता है और सफाई भी बेहतर होती है। लिक्विड डिटर्जेंट का उपयोग करने से मशीन की उम्र बढ़ती है और कपड़ों की महक भी अच्छी रहती है।

**बाहरी सतह को साफ रखें**

वाशिंग मशीन की बाहरी सतह को भी साफ रखना जरूरी है ताकि वह अच्छी दिखे और धूल-मिट्टी न जमे। इसके लिए आप एक मुलायम कपड़ा लें और उस पर थोड़ा सा सिरका लगाकर मशीन की बाहरी सतह को पोंछें। इससे मशीन चमक उठेगी और साफ-सुथरी दिखेगी। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपनी वाशिंग मशीन को साफ और ताजा रख सकते हैं, जिससे न केवल मशीन की उम्र बढ़ेगी बल्कि कपड़ों की सफाई भी बेहतर होगी।

## शब्द सामर्थ्य -250

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू- दोकू क्र.250

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# सराफा कारोबारी से लूट, 4 आरोपी गिरफ्तार

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सराफा व्यापारियों से कट्टा के नोक पर जेवरात की लूट करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने रिमांड में भेज दिए और उनके पास से लूट के जेवरात और प्रयुक्त कट्टा को बरामद कर लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 माह पूर्व 05 जून 2025 को शाम करीब 07 बजे हरचोका ग्राम के साप्ताहिक बाजार में दुकानदारी करके वापस अपने घर लौट रहे दो सराफा व्यापारियों ब्रम्हा सोनी पिता बंशरूप सोनी और अनिल सोनी पिता राजरूप सोनी निवासी ग्राम सतक्यारी को 04 अज्ञात बदमाशों ने ग्राम माड़ीसरई के नजदीक रास्ता रोककर कट्टा की नोक पर सोना चांदी के जेवरात और बिक्री का नगद पैसा को लूटकर फरार हो गए। और जाते जाते बदमाशों ने देशी कट्टा से दोनों सराफा व्यापारियों के कंधे में फायर कर घायल कर दिए। घटना की सूचना पर जनकपुर पुलिस ने थाना में अपराध क्रमांक 108/25 बी.एन.एस. की धारा 309 (4), 109, 111, 3(5) एवं आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत



मामला दर्ज कर लिए और पुलिस अधीक्षक एमसीबी के निर्देशन व मार्गदर्शन में पुलिस की अलग अलग टीम बनाकर बदमाशों की पतासाजी करने लगातार सर्चिंग में जुटी हुई थी। इसी दौरान ऐसा ही एक वारदात शहडोल जिले के गोहपारू थाना अंतर्गत खान्नौधी के एक सराफा व्यापारी के साथ घटी, जिसकी सूचना पर गोहपारू पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। इधर एम.सी.बी. पुलिस को पता लगा कि वैसा ही वारदात गोहपारू थाना अंतर्गत चार बदमाशों ने अंजाम दिया है। जिन्हें शहडोल जिला जेल में रखा गया है।

जनकपुर पुलिस ने पीड़ित सराफा व्यापारियों से जेल में बंद चारों बदमाशों की शिनाख्त कराकर प्रोटेक्सन रिमांड में लाकर पूछताछ किए तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिए। और चारों आरोपियों म. प्र. के मुरैना जिला निवासी देशराज कुशवाहा, मोनू कुशवाहा, उमाशंकर शर्मा, रामप्रकाश उर्फ लल्ला के निशानदेही पर लूट का सोना चांदी के जेवरात बरामद कर लिया और वारदात में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस और एक कारतूस का खाली खोखा को जप्त कर लिए। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ओमप्रकाश दुबे, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक संदीप बगीश, जय ठाकुर, संजय पाण्डेय, संजय यादव आरक्षक मो. शहबाज खान, सूर्यपाल सिंह, देवचरण आरमो, नोहर सिंह, मनोज की सराहनीय भूमिका रही।

## कन्या प्राथमिक शाला में बच्चों को स्वेटर वितरण



**कोरिया बैकुंठपुर।** कड़ाके की सर्दी को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक शाला जनपद कन्या बैकुण्ठपुर की प्रधान पाठिका श्रीमती पूनम पाण्डेय ने इस वर्ष भी अपनी ओर से विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए स्वेटर भेंट करने की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। स्वेटर प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। प्रधान पाठिका श्रीमती पाण्डेय ने बताया कि ठंड के मौसम में बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसी उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। गणमान्य नागरिकों अभिभावकों तथा विद्यालय स्टाफ ने भी उनके इस मानवीय प्रयास की प्रशंसा की।

## प्राथमिक शाला उरांवपारा मदनेश्वरपुर बच्चों ने निकाला साक्षरता रैली

**सूरजपुर।** जिला कलेक्टर एस. जयवर्धन और जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज साहू के निर्देशन में कल रविवार को होने वाले उल्लास भारत के अंतर्गत होने वाले महापरीक्षा में भाग लेने के लिए प्राथमिक शाला उरांवपारा मदनेश्वरपुर के बच्चों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया साथ ही लोगों से आह्वान किया कि वे रविवार को होने वाले महापरीक्षा में भाग लेकर साक्षर बने और देश में साक्षर होने की भूमिका निभाए। बच्चों ने बैनर पोस्टर बनाकर और नारे के साथ लोगो को आह्वान किया। प्रधानपाठक संजय साहू के नेतृत्व ने प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के बच्चों ने साथ में रैली निकाला, लोगो के घर घर जाकर संपर्क किया और उन्हें समझाए रविवार को होने वाले महापरीक्षा में भाग लेवे। साक्षर होकर ही देश की प्रगति में भाग ले सकते हैं और देश के उन्नति में सहभागी हो सकते हैं। देश में उन्नत खेती के लिए भी आज पढ़ा लिखा होना बहुत जरूरत है, देश के किसान रीढ़ के हड्डी होते हैं ऐसे में साक्षर होकर देश को मजबूत बनाए और आगे बढ़ाएं। आज के इस रैली के कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संजय साहू, रामकृपाल साहू, अनिमा बेक, शोभा रानी किस्पोट्टा माध्यमिक शाला से राजेश्वर साहू,छोटेलाल बर्मन,सोनवानी और रेखा गुप्ता रैली से सहभागी बने ।

## रामानुजगंज में नकली सिगरेट का बड़ा नेटवर्क बेनकाब

**रामानुजगंज।** बलरामपुर रामानुजगंज में नकली सिगरेट के बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। ढ्रुअष्ट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि ऋषु मिश्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईटीसी प्रतिनिधि के अनुसार, बस स्टैंड स्थित जायसवाल पान भंडार, संचालक राज जायसवाल, में नकली और उल्लंघनकारी सिगरेटों की खुलेआम बिक्री की जा रही थी। शिकायतकर्ता ने स्वयं दुकान से सैंपल पैकेट खरीदकर इसकी पुष्टि की। आरोप है कि ये कंपनियाँ संगठित रूप से नकली सिगरेट का निर्माण कर बाजार में उतार रही थीं, जिससे उपभोक्ताओं को गुमराह किया जा रहा था और आईटीसी की बौद्धिक संपदा का गंभीर हनन हो रहा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता, ट्रेडमार्क अधिनियम, कॉपीराइट अधिनियम, COTPA तथा विधिक माप विज्ञान अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। अवैध कमाई की आशंका के चलते PMLA के तहत भी आगे की जांच संभावित है। थाना रामानुजगंज में मामला दर्ज कर जांच का दायित्व उपनिरीक्षक बृजमोहन गुप्ता को सौंपा गया है। एफआईआर की प्रति शिकायतकर्ता को नि:शुल्क प्रदान की गई। नई दिल्ली निवासी 27 वर्षीय ऋषु मिश्रा ने कहा कि नकली सिगरेटों का यह व्यापार न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि आईटीसी की बौद्धिक संपदा का भी गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने ऐसे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## प्रशासन ने 200 क्विंटल अवैध धान जब्त की

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने प्रशासन निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के तहसीलदारो एवं उनकी राजस्व टीम ने अलग-अलग गांवों में अवैध धान भंडारण और फर्जी बिक्री के मामलों में प्रभावी कार्रवाई की। विभिन्न स्थानों से लगभग 200 क्विंटल अवैध या अनियमित धान जप्त किया गया।



तहसीलदार व टीम ने ग्राम बदरा में कृषक राधेश्याम के यहां दबिश दी। जांच में उसके पास बिना अनुमति रखा गया 21 बोरी अवैध धान मिला, जिसे मौके पर ही राजस्व अभिरक्षा में ले लिया गया। इसी तरह ग्राम टेंमरी में की गई कार्रवाई में 32 बोरी अवैध रूप से भंडारित धान पाया गया। राजस्व अमले ने संपूर्ण धान को विधि अनुसार जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। शिकायत पर कार्रवाई- तुलेश्वर के पास 28 क्विंटल (68 बोरी) अवैध धान जब्त, शिकायतकर्ता सुशील कुमार आत्मज सुखलाल द्वारा की गई शिकायत पर भी प्रशासन ने जांच की। शिकायत में आरोप था कि तुलेश्वर आत्मज भैयालाल अवैध रूप से धान खरीदकर अपने ही टोकन से केंद्र पोंडी में बेचने का प्रयास कर रहा है। जांच में पाया गया कि तुलेश्वर के खसरा क्रमांक 385 (आंशिक) एवं 389 (पूर्ण) में धान मौजूदब था। पंजीयन के अनुसार उसके पास 43 क्विंटल धान बेचने का टोकन था, जबकि वास्तविक पात्रता केवल 15 क्विंटल की थी। प्रशासन ने 15 क्विंटल धान बेचने की अनुमति दी, शेष 28 क्विंटल (68 बोरी) धान जब्त कर समिति प्रबंधक पोंडी के सुपुर्द कर दिया गया। तुलेश्वर के पंजीयन में 170 क्विंटल धान दर्ज था, लेकिन मौके पर 58 क्विंटल नया धान, 48 क्विंटल पुराना धान, 28 क्विंटल मिश्रित/खरीदा हुआ धान पाया गया। इस आधार पर कुल 76 क्विंटल अवैध/अनियमित धान जब्त किया गया। शेष 58 क्विंटल धान तुलेश्वर के खेत का पाया गया, जिसे वैध माना गया। किसानों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र संचालित, प्रशासन ने अनेक उपार्जन केन्द्रों में कृषक सहायता केंद्र स्थापित किए हैं, जहाँ किसानों को धान बेचने, रकबा संशोधन, समर्पण और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में अधिकारियों द्वारा तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है। किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण, फर्जी खरीद-फरोख्त या टोकन के दुरुपयोग को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों पर आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एकतरफा प्रेम में पहले लड़की को मारा चाकू फिर खुद पी लिया जहर

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले के भटगांव थानाक्षेत्र में एकतरफा प्रेम में एक युवक ने नाबालिग लड़की पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया तथा खुद भी जहर पीकर खुदकुशी करने का प्रसास किया है। दोनों को गंभीर अवस्था में अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानलेवा हमले से नाबालिग लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा कि हमले के बाद भागते समय भी युवक चाकू लहरा रहा था। पीड़िता और आरोपी दोनों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नशेड़ी चालक सो गया तो 10 साल के बच्चे ने संभाली ट्रैक्टर की स्टेयरिंग

**बलरामपुर।** जिले में गुरुवार शाम एक चौंकाने वाला और बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निवास की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर करीब 10 वर्षीय एक बच्चा ट्रैक्टर चलाता हुआ देखा गया। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर का वास्तविक चालक अत्यधिक नशे में था। नशे की हालत इतनी अधिक थी कि कुछ ही देर में चालक गहरी नींद में चला गया और वाहन पर उसका नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो गया। चालक के बगल में बैठे बच्चे ने पहले उसे झकझोरकर जगाने की कोशिश की, लेकिन जब चालक बेहोशी की स्थिति में ही रहा और ट्रैक्टर लड़खड़ाने लगा, तो बच्चे ने तुरंत स्टेयरिंग संभाल लिया। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि बच्चा आश्चर्यजनक रूप से सहजता से ट्रैक्टर को नियंत्रित करते हुए सड़क पर चलाता रहा। स्थानीय लोगों ने जब यह खतरनाक दृश्य देखा तो बच्चे को ट्रैक्टर रोकने को कहा। बच्चा बिना घबराए, सहजता से ट्रैक्टर को सुरक्षित रूप से रोक देता है। बाद में लोगों ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवा दिया। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में रोष है। लोगों ने सवाल उठाया कि स्कनिवास की ओर जाने वाला यह अत्यंत व्यस्त मार्ग है, फिर भी कई किलोमीटर तक एक बच्चा ट्रैक्टर चलाता रहा और किसी भी पुलिस कर्मी की नजर इस पर नहीं पड़ी। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से इस मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## नजूल भू-खण्ड दर्ज होंगे शासकीय भूमि में

**एमसीबी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार नगर मनेन्द्रगढ़ स्थित तीन महत्वपूर्ण नजूल भू-खण्डों- क्रमांक 3/10क, 3/10ख और 3/10ग-को पुन: नजूल शासकीय भूमि के रूप में अभिलेखों में दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा जारी प्रतिवेदन के आधार पर बताया गया है कि वर्ष 2025-26 के आंतरिक नजूल संधारण खसरा में भू-खण्ड क्रमांक 3/10क का क्षेत्रफल 26,550 वर्गफीट, भू-खण्ड क्रमांक 3/10ख का क्षेत्रफल 3,000 वर्गफीट तथा भू-खण्ड क्रमांक 3/10ग का क्षेत्रफल 450 वर्गफीट अभिलेखों में अध्यक्ष भूपेन्द्र क्लब मनेन्द्रगढ़ के नाम दर्ज है। न्यायालय तहसीलदार नजूल द्वारा दिनांक 05 फरवरी 2024 को नामांतरण पारित होने के बाद भी संस्था ने भूमि का अधिपत्य ग्रहण नहीं किया, वहीं भूपेन्द्र क्लब की ओर से वादी रहे रामानुज अग्रवाल का निधन हो चुका है और वर्तमान में क्लब की कोई विधिक स्थिति अस्तित्व में नहीं है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए 70 ग0 भू.रा.सं. की धारा 57(1) एवं 57(2) के तहत उक्त भूमि को पुन: नजूल शासकीय भूमि के रूप में दर्ज किए जाने हेतु अनुशंसा सहित कार्यवाही प्रारंभ की गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस संबंध में आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से आगामी 15 दिनों के भीतर कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में लिखित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

## कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**एमसीबी।** जिला प्रशासन ने विधायक मद के वर्षों से लंबित पड़े कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएम डी. राहुल वेंकट ने अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी, लाइट, मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बैकुण्ठपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत में स्वीकृत हैण्डपंप उत्खनन, डीप बोर, नलकूप खनन और हैण्डपंप स्थापना से जुड़े कुल 74 अपूर्ण कार्यों को लेकर जारी किया गया है।

## सुधर गए हैं बलरामपुर के लोग, जो नहीं सुधरे वे भर रहे करोड़ों का चालान



**बलरामपुर।** जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती का असर साफ नज़र आने लगा है। धारा 185 के तहत की गई कार्रवाई ने एक ओर हादसों में कमी लाई है, वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों से करोड़ों का चालान वसूला गया है। पिछले 11 महीनों में 1,112 ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 1,019 मामलों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। नए मोटर व्हीकल नियमों के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर न्यूनतम 10,000 रुपये जुर्माना निर्धारित है। इस हिसाब से केवल ड्रिंक एंड ड्राइव के ही मामलों से 1 करोड़ 1 लाख 90 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया है। पुलिस की कार्रवाई के असर से सड़क हादसों के आंकड़ों में गिरावट दर्ज की गई है। एएसपी विश्वदीप त्रिपाठी ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव पर लगातार कार्रवाई के कारण हादसों एवं मृत्यु के आंकड़े कम हुए हैं। सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। हादसे कम हुए हों, लेकिन शराब की खपत में कमी नहीं आई—बल्कि तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले में बलरामपुर, राजपुर,वाड्रफनगर, रामानुजगंज और कुसमी सहित कुल पांच मदिरा दुकानें संचालित हैं, जहां हर महीने करोड़ों की शराब बेची जा रही है। जिले में शराब की बिक्री बढ़ रही है, लेकिन शराब पीकर वाहन चलाने वालों की संख्या पुलिस की सख्ती से घटी है। यानी बलरामपुर के लोग सुधर रहे हैं, पर जो नहीं सुधरे वे शराब भी पी रहे हैं और करोड़ों का चालान भी भर रहे हैं।

### धान की खरीदी व्यवस्था से किसान संतुष्ट

**एमसीबी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 किसानों के लिए उम्मीद, सम्मान और विश्वास की नई दिशा लेकर आया है। बरदर उपार्जन केंद्र पहुंचने पर ग्राम बरदर के किसान सुशील कुमार का इस बार का अनुभव बिल्कुल अलग था। 100 क्विंटल धान को लेकर जैसे ही वे केंद्र पहुंचे, उन्हें हर कदम पर बदलाव और सुचारु व्यवस्था का एहसास हुआ। सुशील कुमार का कहना है कि इस बार उपार्जन केंद्र का माहौल पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। परिसर साफ-सुथरा था, किसानों के लिए व्यवस्थित कतारें थीं, पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता थी, साथ ही पीने के पानी और बैठने की सुविधा ने पूरी प्रक्रिया को सहज और सम्मानजनक बना दिया।

## सीएमएचओ ने अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की

**सुरजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी का औचक निरीक्षण आदरणीय 'मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 के0 डी. पैकरा सर जी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव सर जी के द्वारा विभिन्न वार्डों व कक्षों का निरीक्षण पश्चात सामान्य वार्ड में मरीजों से हॉल चाल पूछताछ किये, मरीजों के लिये बेहतर स्वास्थ्य हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये निरीक्षण के दौरान प्रसूति कक्ष, वैक्सीन कक्ष, आयुष्मान भारत कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, लेबोरेट्री कक्ष, डॉक्टर ड्यूटी कक्ष सहित सभी कक्षो का निरीक्षण करके अस्पताल की बुनियादी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी के अधिकारी और कर्मचारी सहित फील्ड स्तर से उपस्थित समस्त अधिकारी और कर्मचारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली गई,जिसमें अनेकानेक सुझाव व मार्गदर्शन दिशा निर्देश दिये गए ,समीक्षा के दौरान मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सभी सेवाओं, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की सभी सेवाएँ सहित नियमित टीकाकरण, सिकल सेल एनीमिया शत प्रतिशत स्क्रिनिंग,मुख्यमंत्री हॉट बाजार योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, गहन डायरियाँ नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा ,आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत छुटे हुए हितग्राहियों, लाभार्थियों का वय वन्दन कॉर्ड बनाये जाने,जन आरोग्य समिति की प्रत्येक महीने बैठक आयोजित करना, स्वास्थ्य मेला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत हाइपरटेंशन डायबिटीज की स्क्रीनिंग, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति ,परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत स्थाई, अस्थाई विधि आरसीएच एवं एचएमआईइस के विरुद्ध कम उपलब्धि पर समीक्षा टी वी कार्यक्रम सर्वेक्षण में क्वालिटी सरवेलेन्स, मलेरिया रोग नियंत्रण,कुष्ठ उन्मूलन सहित राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ,ओरल हेल्थ प्रोग्राम एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव हेतु अनेकानेक दिशा निर्देश दिए गए इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ0 धनेश्वर चन्द्रा, डॉ. विजय चौहान, टीवी कार्यक्रम से जिला सम्बवयक नवरंगे जी, बीपीएम सखन आयाम बीटीओ देवनाथ रवि,सहित सेक्टर प्रभारी अधिकारी खोंड,धरसेड़ी एवं सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के नोडल ,कुष्ठ प्रभारी मलेरिया टीबी, सुपरवाइजर, एस टी एएस,डीईओ ओड़गी फील्ड स्तर से समस्त आरएचओ, एएनएम ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर से ,नर्सिंग स्टाफ,अधिकारी कर्मचारी सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वार्ड 15 में झूला स्थापना कार्य में लापरवाही

**एमसीबी।** विधानसभा क्षेत्र मनेंद्रगढ़ अंतर्गत नगर पंचायत झगराखाण्ड में विधायक मद वर्ष 2022-23 के तहत स्वीकृत झूला स्थापना कार्य में प्रगति न होने एवं गंभीर लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी, झगराखाण्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15, पटपर दफाई में 1,30,000 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति के अंतर्गत झूला स्थापना कार्य स्वीकृत किया गया था। उक्त कार्य के लिए 02 नवंबर 2022 को 65,000 रुपये की प्रथम किस्त जारी की गई थी, किंतु इसके बावजूद आज तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। 02 दिसंबर 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में न तो संबंधित अधिकारी उपस्थित हुए और न ही अपनी अनुपस्थिति की सूचना दी। बैठक में उनके द्वारा भेजे गए अधीनस्थ कर्मचारी भी कार्य की वर्तमान स्थिति से अनभिज्ञ पाए गए, जिसके कारण जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना संभव नहीं हुआ।

## पीएमएनएएम अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन

**एमसीबी।** जनकपुर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आगामी 8 दिसंबर, सोमवार को भारत सरकार की नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला पीएमएनएएम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में दसवीं, बारहवीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा प्रतिभागियों को अपने कौशल और योग्यता के अनुरूप रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप अवसर प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेले में प्रदेश और आसपास के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों को आमंत्रित किया गया है, जहां उद्योग स्वामी और प्रबंधक स्वयं उपस्थित होकर अपनी आवश्यकता अनुसार युवाओं का चयन करेंगे। प्रतिभागी छात्र-छात्राएं अपने संपूर्ण मूल दस्तावेज और छायाप्रतियां साथ लाकर पंजीयन करा सकते हैं तथा अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया भी स्थल पर ही पूरी कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में दसवीं और आईटीआई की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, राशन कार्ड और दो पासपोर्ट साइज के फोटो अनिवार्य हैं। संस्था ने जिले के सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए समय पर उपस्थित हों और अपने करियर को नई दिशा दें। अधिक जानकारी हेतु योजना प्रभारी से 8458859820 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सघन कुष्ठ खोज अभियान के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यकम के तहत सघन कुष्ठ खोज अभियान हेतु जिला स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। यह कार्यकम राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में 8 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक जिले के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित व्यक्ति के खासने छिकने से निकलने वाले ड्रापलेट के माध्यम से फैलता है। यह शरीर में बहुत धीमी गति से बढ़ता है इसलिए इसके लक्षण दिखने में 03 वर्ष से 20 वर्ष तक लग सकते है इसलिए प्रारंभिक अवस्था में ही इसका पहचान एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है। जिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया की हमें इस अभियान में बेहतर ढंग से कार्य करना है ताकि छुपे हुए कुष्ठ के मरीजों को पहचान कर समय से उनका उपचार किया जा सके और दूसरे स्वस्थ्य व्यक्तियों को इस बिमारी से बचाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग आम जनता से अनुरोध करता है कि जब सर्वेक्षण दल आपके घर में सर्वे हेतु पहुंचे तो उन्हें सहयोग करें एवं शरीर में किसी भी प्रकार का दाग-धब्बा सुन्न पन इत्यादि होने पर नि:संकोच दिखए।

# युवा उत्सव में कला और साहित्य को ऊंचाई

**एमसीबी।** जिले में कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का भव्य संगम झगराखांड़ में देखने को मिला। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन अंबेडकर भवन एवं शासकीय हाई स्कूल झगराखांड़ में प्रात: 10 बजे से शुरू हुआ, जिसमें जिलेभर के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और युवा प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी कला, प्रतिभा और रचनात्मकता का मनमोहक प्रदर्शन किया। पूरा परिसर ऊर्जा, ताल, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास से गूंजता रहा। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एक प्रभावशाली मंच प्रदान करना था, जहां वे अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने ला सकें और संस्कृति, साहित्य, कला व खेल के विभिन्न क्षेत्रों में पहचान बना सकें। कार्यक्रम ने युवाओं में आत्मविश्वास, संकल्प और नई प्रेरणा का संचार किया। विधायक रेणुका सिंह ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, युवाओं में भरा जोश और आत्मविश्वास कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रेणुका सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। स्वागत भाषण के उपरांत उन्होंने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन का खेल विभाग प्रतिवर्ष युवा उत्सव इसलिए आयोजित करता है ताकि आगे बढ़ने की इच्छा रखने वाले युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, ऊर्जा और राष्ट्रभावना विकसित हो। उन्होंने कहा कि जब किसी कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी और आत्मविश्वास दिखाई देता है, तब उसमें एक सशक्त राष्ट्र और उज्ज्वल भविष्य की झलक स्वत: दिखाई देती है। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का युग शिक्षा, खेल, संस्कृति और तकनीक का युग है और इन्हीं आधारों पर भविष्य का भारत तैयार होगा। बच्चों को नर्सरी से लेकर उच्च शिक्षा तक पर्याप्त अवसर और प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जाना आवश्यक है, ताकि उनमें प्रतिभा और सपनों को उड़ान मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत आज तेजी से बदल रहा है और आत्मसम्मान व स्वाभिमान के साथ विकास की ओर अग्रसर है। कर्तव्य पथ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल नाम परिवर्तन नहीं बल्कि बदलते युग और बदलती सोच का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि अवसरों की कमी कहीं नहीं है, केवल लक्ष्य, संकल्प और सतत प्रयास की जरूरत है। युवाओं से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी ही करियर का अंतिम लक्ष्य न मानें, बल्कि स्टार्टअप, खेल, तकनीक, कला और उद्यमिता में आगे आएं और रोजगार देने वाले बनें क्योंकि यही युवा वास्तविक अर्थों में राष्ट्र निर्माण करते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी संदेश उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए से युवाओं को प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में दिखी प्रतिभा की चमक - कला, साहित्य और संस्कृति का बेहतरीन प्रदर्शन मुख्य अतिथि के प्रेरक संबोधन के बाद प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई और हर प्रतियोगिता में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। चित्रकला प्रतियोगिता में राजेंद्र प्रसाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान अनुज और तृतीय स्थान कुमारी साधना को मिला। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रभावी प्रस्तुति के साथ अनुभव गुप्ता प्रथम रहे और जया शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। साहित्यिक प्रतिभा भी पूरी तरह निखरी। कविता लेखन प्रतियोगिता में मनोज कुमार विजेता बने, जबकि मुस्कान सिंह द्वितीय और फातिमा तृतीय स्थान पर रहीं। कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान सिंह, द्वितीय स्थान अदिति अग्रवाल और तृतीय स्थान छाया सिंह को प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य में राखी समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंथी नृत्य में अनिल कुमार समूह की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी और उन्हें विजेता घोषित किया गया। सुवा नृत्य में सोनकुंवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान जीता। करमा नृत्य प्रतियोगिता में भोगलाल समूह विजेता और रमेश कुमार समूह उपविजेता घोषित हुए। वहीं राउत नाचा में आशु साहू समूह ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। लोकगीत प्रतियोगिता में हरीदास समूह ने बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे प्रतिभा सरजू यादव, माननीय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़, वीरेंद्र सिंह राणा जी अध्यक्ष नगर पंचायत नई लेदरी, रीमा यादव अध्यक्ष नगर पंचायत झगराखांड़, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे, संजय श्रीवास्तव, क्रीड़ा अधिकारी विनोद जायसवाल, शिव कुमार चौधरी तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, अभिभावक और जनप्रतिनिधि पूरे दिन उत्साह, समर्पण, कला, प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम बना रहा।

# गोडाउन में आगजनी की भेंट चढ़ी 25 बाइक



**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा में आटोमोबाईल कंपनी के एक गोडाउन में आगजनी की घटना में 25 बाइक स्वाहा हो गई। नगर पालिका और जल संसाधन विभाग के दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांच करने की बात कही है।

कटघोरा पुलिस सबडिविजन अंतर्गत बांगों थाना अंतर्गत पोड़ीउपरोड़ा में आज यह घटना हुई खबर के अनुसार मुख्य मार्ग पर एक आटोमोबाईल का गोडाउन है। यहां पर एका-एक आग लग गई। आगजनी से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही। सूचना के बाद नगर पलिका और सिंचाई विभाग की दमकल के साथ पुलिस की टीम पहुंची। किसी तरह आग पर नियंत्रण किया जा सका। माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट इस घटना का प्रारंभिक कारण हो सकता है। पुलिस ने कहा कि मौके पर सुरक्षा संसाधनों के प्रबंध और अन्य पहलुओं पर जांच की जाएगी। इससे पहले कई मौके पर अलग-अलग टीमे विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर चुकी है सुरक्षा प्रबंधों को लेकर प्रमाणन किया गया है।

# उद्योगों में अशांत होता माहौल पुलिस पर नियंत्रण का दबाव

## नियोजन और वेतनमान से लेकर बुनियादी सुविधा से जुड़े है मसले



**कोरबा।** अपराध नियंत्रण से लेकर औद्योगिक शांति बनाए रखने तक, कोरबा पुलिस का दायरा अन्य जिलों की तुलना में अधिक जटिल माना जाता है। सामान्य जिलों में पुलिस मुख्य रूप से चोरी, मारपीट, छेड़छाड़, लूट, धोखाधड़ी जैसी पारंपरिक आपराधिक घटनाओं से निपटती है, लेकिन औद्योगिक जिला कोरबा में इनसे कहीं अधिक कठिन हालात पुलिस के सामने खड़े रहते हैं।

कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की विभिन्न कोयला खदानें, भारत एल्युमिनियम कंपनी (बाल्को), छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी, अदानी पावर सहित कई बड़े उद्योग संचालित हैं। भारी उद्योगों की मौजूदगी के कारण यहाँ औद्योगिक विवाद, विस्थापन, रोजगार, सुरक्षा मानक, वेतनमान, तथा परियोजना-प्रभावित ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की माँग जैसे मुद्दे अक्सर उभरते रहते हैं। उद्योगों में ठेका प्रथा, मजदूरों के अधिकार और सामाजिक दायित्वों से संबंधित किसी भी असहमति पर कर्मचारी संगठनों द्वारा प्रदर्शन, धरना, चक्काजाम और प्रबंधन से टकराव की स्थिति बन जाती है। ऐसे मामलों में पुलिस को न केवल क़ानून-व्यवस्था बनाए रखनी होती है, बल्कि भीड़ मनोविज्ञान को समझते हुए तनाव बढ़ाए बिना समाधान तलाशना पड़ता है। कई बार प्रदर्शन के दौरान हालात उग्र हो जाने पर उत्पादन और परिवहन ठप हो जाते हैं, जिससे कंपनी प्रबंधन पुलिस पर जल्द कार्रवाई का दबाव बनाता है, वहीं दूसरी तरफ प्रभावित लोगों की भावनाएँ भी पुलिस को संतुलन में रखनी होती हैं। दिन भर धरना-प्रदर्शन और औद्योगिक विवादों को संभालने के बाद भी पुलिस के लिए पारंपरिक अपराधों की जाँच में ढिलाई की गुंजाइश नहीं रहती। ग्रामीण और शहरी इलाकों में दर्ज होने वाले झगड़े, चोरी, संपत्ति विवाद, सड़क हादसों के मामलों की जाँच में भी पुलिस को समान गंभीरता से जुटना होता है।

### ऊर्जा राजधानी के स्वरूप की बड़ी जिम्मेदारी

कोरबा, राज्य और देश की ऊर्जा जरूरतों का अहम केंद्र है। बड़े उद्योगों के सतत संचालन के लिए शांति और सुरक्षा प्राथमिक आवश्यकता है। यही कारण है कि जिले की पुलिस पर औद्योगिक सुरक्षा से जुड़ी विशेष जिम्मेदारियाँ भी रहती है।संवेदनशील क्षेत्रों में रात-दिन निगरानी के साथ मजदूर आंदोलनों पर खुफिया नजर बनाए रखनी होती है।



## भूमिका और सचिन को समारोह में अवार्ड

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में कोरबा जिले में संचालित एके गुरुकुल कॉलेज की दो विद्यार्थियों को मेरीटोरियम अवार्ड पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों प्राप्त हुआ। कार्यक्रम मैं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव, उच्च शिक्षा मंत्री, कुलपति समेत अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। गुरुकुल के संचालक अक्षय दुबे ने बताया कि संस्थान की शुरुआत के प्रारंभिक वर्षों में ही हमारे आगे दो छात्रों को मेरीटोरियस अवार्ड प्राप्त हुआ। डिप्लोमा इन कंप्यूटर एजुकेशन में भूमिका साहू व एमए इकोनॉमिक्स में सचिन तिवारी में टॉप टेन में रहे। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल की पात्रता हासिल की। यह दोनों छात्र प्रथम बैच के थे जिन्होंने सफलता प्राप्त करने के साथ इस उपलब्धि को स्पर्श किया। विश्वविद्यालय स्तर पर अधिकतम अंक अर्जित करना यह दर्शाता है कि संस्थान ने शिक्षा के मूल्य को लेकर किस प्रकार से काम किया। संचालक सहित शिक्षकों ने मेरीटोरियस अवार्ड प्राप्त करने पर दोनों छात्रों को बधाई दी और कहा की संस्था के और भी विद्यार्थी इसी तरह से गुणात्मक प्रदर्शन करने में सफल होंगे।

## ओम ने पूछा-कब हटेंगे अतिक्रमण दीपिका में

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कांति सेवा के पदाधिकारी ओम केवट ने प्रशासन से पूछा है कि आखिरकार दीपिका क्षेत्र में सरकारी जमीन पर किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण कब हटाए जाएंगे। एक पत्र में बताया गया कि कहीं पर खटाल, कहीं मंदिर तो कहीं किसी की भी मूर्ति लगा दी गई। इस तरह की हरकत के कारण सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए जमीन खाली नहीं बची है।

## मुनि संघ का मंगल प्रवेश

**कोरबा।** महासमाधि धारक आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित एवं आचार्य समयसागर महाराज की आज्ञानुवर्ती परंपरा के शिष्य मुनि धर्मसागर महाराज एवं मुनि भावसागर महाराज के सानिध्य में अहिंसा रक्षा पदयात्रा सतत जारी है। इसी क्रम में 6 को दिगंबर जैन मंदिर, कोरबा (छत्तीसगढ़) में मुनि संघ का मंगल प्रवेश हुआ। नगर के विभिन्न स्थानों पर पादप्रक्षालन एवं स्वागत-अभिनंदन किया गया। पदयात्रा में नरेंद्र जैन सिवनी (यात्रा प्रभारी), दीपक जैन, नमन जैन, रानु जैन नोहटा सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित रहे।




## अतिक्रमण पर कार्रवाई, दोबारा मनमानी की तो होगी सख्ती

**कटघोरा।** स्थानीय प्रशासन ने कटघोरा क्षेत्र में आवागमन से जुड़ी समस्या का समाधान करने को लेकर कमर कसी है और लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही बस स्टैंड सहित कुछ इलाकों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। सब डिविजनल ऑफीसर्स रेवेन्यू तन्मय खन्ना, टाउन इंस्पेक्टर धर्म नारायण तिवारी और चीफ म्युनिसिपल ऑफीसर मुद्रिका तिवारी सहित टीम ने पुरानी स्थिति को देखने एक बार फिर भ्रमण किया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि जहां पर कार्रवाई की गई, वहां पर फिर से कहीं मनमानी तो नहीं की जा रही है। अधिकारियों ने इस दौरान कुछ लोगों को कहा की अगर उनके द्वारा फिर से अतिक्रमण किया गया तो इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में छात्रों को मिला दमखम दिखाने का मौका

### नितेश मेमोरियल स्कूल में आयोजन

**कोरबा।** एन.के.एम लायंस पब्लिक स्कूल ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में वार्षिक खेलकूद और स्व. नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ कर्नल अमित यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार रामदेव साहू, हवलदार धर्मेंद्र सिन्हा, हवलदार दुर्गेश कुमार राठौर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप मे उपस्थित थे।

सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता एवं खेल जगत के मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण कर वार्षिक खेलकूद एवं स्व. नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारम्भ मशाल जलाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात् कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अमित यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का विशेष महत्व होता है। पढ़ाई -लिखाई से जहां बच्चों का मानसिक विकास होता है, वहीं खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास होता है। विद्यालय के चेयरमेन ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को वार्षिक खेलकूद में अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शोमा सोनी ने कहा- हमारा प्रयास है कि स्कूल का हर एक छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।



# गलत रसायन को रोकें,संरक्षित होगी मृदा




**कोरबा।** पीएमश्री सेजेस बालको नगर कोरबा में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती मनोकान्ता पाल तथा सम्माननीय अतिथियों में, घनश्याम श्रीवास, श्रीमती निहारिका शुक्ला तथा मनोज वैष्णव उपस्थित रहे।

घनश्याम श्रीवास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस के परिपेक्ष पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में उन सभी पहलुओं का विस्तार से व्याख्या की गई जिसकी आज के समय में आवश्यकता है। बढ़ती हुई आबादी और मृदा का प्रयोग जिस तरह से किया जा रहा है और भूमि पर उसके दुष्प्रभाव की गंभीरता से अवगत कराया। प्राचार्य मनोकांता पाल ने विद्यार्थियों को बताया कि, मृदा प्राकृतिक तत्व है इसके निर्माण में हजारों वर्ष लग जाते हैं। हम मिट्टी में पैदा होते हैं और मिट्टी ही हमारी जीवन का आधार है। और अंत में हम पुन: मिट्टी में ही समा जाते हैं ।आज जिस तरीके से अनाज उत्पादन के लिए रसायन का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण मिट्टी प्रदूषित हो रही है, उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है ।साथ ही अधिक उत्पादन के लिए हम ,वर्ष में कई फसलें ले रहे हैं इससे भी मृदा प्रभावित हो रही है। इसका संरक्षण तथा उचित उपयोग करने की दिशा में विस्तार से विद्यार्थियों को दिशा प्रदान किया गया।अतिथियों के समक्ष विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने मृदा के सही उपयोग करने तथा रसायन के गलत उपयोग करने से बचने तथा भविष्य के लिए मृदा को सुरक्षित रखने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन निहारिका शुक्ल तथा आभार प्रदर्शन मनोज वैष्णव ने किया।

## अनाचार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया पुलिस ने

**कोरबा।** जिले के उरगा पुलिस ने दुष्कर्म के संबंधित मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुरैना गांव में इस घटना को अंजाम दिया गया था। बताया गया कि उम्रदराज महिला खेत गई हुई थी तब उसके साथ यह घटना हुई। पुलिस के पास एफआईआर दर्ज हुई और तत्परता पूर्वक कार्यवाही की गई।

# 25 लाख स्पेसिमेन रिजर्व है नेशनल बॉटनिकल गार्डन में




### शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों को मिली जानकारी

**कोरबा।** शासकीय इं वी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में वनस्पति शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में एम एस सी वनस्पति शास्त्र प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्र/छात्रा सम्मिलित हुए। छात्रो ने 1 दिसम्बर को आचार्य जे सी बसु इंडियन बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गार्डन के डायरेक्टर डॉ देवेंद्र सिंह ने छात्रो को विश्व के सबसे बड़े बरगद वृक्ष, विक्टोरिया अमेजोनिका, नक्षत्र वाटिका, टैक्सओनोमिक पार्क, चरक वाटिका की जानकारी प्रदान की साथ ही अनेक दुर्लभ, एवं संकटापन्न पादप प्रजातियों के बारे में बताया। छात्रो ने इसके पश्चात सेंट्रल नेशनल हरबेरिम का भ्रमण कर भारत के सबसे बड़े हरबेरिम की जानकारी प्राप्त की। इस हरबेरिम मे लगभग 25 लाख स्पेसिमेन संरक्षित करके रखे गए है। सेंट्रल नेशनल हरबेरिम की वनस्पति शास्त्री डॉ दीप्ति डे ने इस इंस्टिट्यूट एवं हरबेरिम तकनीक पर प्रस्तुतिकरण दिया। छात्रो ने इस दौरान कोलकाता के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान जैसे बिरला प्लेनेटोरियम, साइंस सिटी, विक्टोरिया मेमोरियल का भी भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेणुबाला शर्मा, तथा सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला, सुशील अग्रवाल, डोलामणी साहू शामिल थे।



## बेला में फसल रौंदकर लोनर पहुंचा परसखेत रेंज के मौहार जंगल

**कोरबा।** वनमण्डल कोरबा के पसरखेत रेंज में विचरणरत हाथियों के दल में से एक लोनर हाथी बिछड़कर बालको रेंज के काफी पाईंट क्षेत्र पहुंच गया था, जिस पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालको से काफी पाईंट की ओर जाने वाले मार्ग को पूरी तरह सील कर दिया। आम नागरिकों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। लोनर हाथी कल दिन भर क्षेत्र में विचरण करता रहा और रात में बेला गांव पहुंचकर वहां के खेतों में लगे फसल को रौंदने के बाद वापस लौटा और पसरखेत रेंज के मौहार जंगल में पहुंचने के साथ विश्राम करने लगा है। लोनर को यहां के जंगल में देखा गया। इस लोनर का व्यवहार चूंकि आक्रमक है। अत: वन विभाग की टीम उसकी निगरानी में जुट गई है। हाथी की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा गया है कि किसी भी गतिविधी या हाथी के मुमेंट की सूचना वन विभाग को तुरंत दें। इस बीच केराकछार क्षेत्र में मौजूद 9 हाथियों ने अपना लोकेशन बदल दिया है और लेमरू रेंज की सीमा में प्रवेश कर वहां के जंगल में डेरा डाल दिया है। उधर करतला रेंज के बेहरचुवां क्षेत्र में 15 हाथी अभी भी विचरण कर रहे है लेकिन हाथियों के इस दल ने कोई बड़ा नुकसान क्षेत्र में नहीं पहुंचाया है। वहीं कुदमुदरा रेंज के गीतकुवांरी में सक्रिय तीन हाथियों ने उत्पात मचाते हुए धान फसल तथा बाड़ी में लगे सब्जी के पौधों को नुकसान पहुंचाया है। कोरबा वनमण्डल में विभिन्न स्थानों पर हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है और वे दहशत में है। कोरबा रेंज के कटबितला गांव में एक ग्रामीण को घायल करने के बाद छाता जंगल पहुंचे लोनर हाथी ने अब बिलासपुर व पाली रेंज की सीमा में डेरा डाल दिया है। हाथी कभी बिलासपुर के सीपत क्षेत्र में पहुंच जाता है तो कभी पाली रेंज के जंगल में। आज सुबह इसका लोकेशन पाली रेंज अंतर्गत खोंधरा जंगल में मिलने पर वन विभाग सतर्क हो गया है।

# गांव के तालाब के पानी में निस्तार करना हुआ मुश्किल

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्र की दशा सुधारने के लिए सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। समग्र विकास योजना इसी का एक हिस्सा है जिसके अंतर्गत ग्रामीण तस्वीर को बेहतर किया जा रहा है। इन सब के बावजूद करतला विकासखंड के फरसवानी गांव में कई प्रकार की समस्याएं लोगों के सामने हैं और वह इस वजह से परेशान है।

करतला विकासखंड का यह गांव है फ़रसवानी, जहां गलियों में हर समय इसी तरह से पानी बहता रहता है। ऐसी स्थिति में लोगों को आने-जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में एक प्राचीन तालाब भी है जिनकी स्थिति भी ग्राम पंचायत की उपेक्षा के कारण बदहाल होती जा रही है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि पुराइन पत्ता की उपस्थिति और दूसरे कारणों से यहां पर फिसलन के अलावा पानी की गुणवत्ता दोयम दर्जे की हो गई है। सरपंच से लेकर अन्य प्रतिनिधि इस तरफ कुछ नहीं कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र को भारत की अर्थव्यवस्था का आधार कहा जाता है। ऐसी स्थिति में जरूरत है कि वहां पर बुनियादी सुविधाओं को हर हाल में बेहतर किया जाए। अगर लोग हर समय अपने इलाके को लेकर शिकायत करते रहेंगे तो यही संदेश जाएगा की सरकार केवल दावे कर रही है, कामकाज का अता-पता नहीं है।

# बालको में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने डिप्टी डायरेक्टर, इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, कोरबा विजय सिंह पोटाई के दिशा-निर्देश में जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया। यह मॉक ड्रिल आपातकालीन सहयोगी संस्थान की सहभागिता से आयोजित की गई, जिसमें 7 उद्योगों के 27 प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मॉक ड्रिल में कोरबा के विभिन्न औद्योगिक संस्थान, पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड), एचटीपीएस कोरबा वेस्ट, माइंस रेस्क्यू स्टेशन एवं फायर सर्विसेस एसईसीएल कुसमुंडा एरिया, एनटीपीसी कोरबा, डीएसपीएम टीपीएस कोरबा ईस्ट, आईओसीएल कोरबा टर्मिनल एवं आईओसीएल कुसमुंडा शामिल थे। बालको के सीओओ (पावर) मंतोष सिन्हा ने डिप्टी डायरेक्टर का स्वागत किया। मॉक ड्रिल से पूर्व घटना और आपातकालीन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बालको के प्रमुख एचएसई एडं एस बी. शिवकुमार द्वारा प्लांट सेफ्टी, रोड सेफ्टी, फायर जागरूकता एवं मॉक ड्रिल क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। 1200 मेगावाट पॉवर प्लांट में अग्निकांड की आपात स्थिति पर मॉक ड्रिल की गई, जिसमें एक संभावित औद्योगिक दुर्घटना का अनुकरण किया गया। इसके माध्यम से सभी सहभागियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से घायल एक व्यक्ति को बचाव राहत प्रदान की गई। मौके पर सिक्योरिटी, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी, एंबुलेंस एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य, रेस्क्यू टीम और ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही फायर ब्रिगेड एवं आपात संसाधनों में 2 फोम टाइप फायर टेंडर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, वॉटर स्प्रिंकलर (डेल्यूज सिस्टम), 2 रेस्क्यू टीमें, 2 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एवं फैक्ट्री मेडिकल अधिकारी तैनात किए गए। सुरक्षा टीम द्वारा क्षेत्र को पूरी तरह घेराबंद किया गया। 'ऑल क्लियर' सिग्नल के पश्चात सभी आपात टीमों द्वारा घटना, अपनी भूमिका एवं हेडकाउंट वेरिफिकेशन पर विस्तृत डी-ब्रीफिंग की गई। यह प्रक्रिया डिप्टी डायरेक्टर तथा बालको के मंतोष सिन्हा (वर्क इंसिडेंट कंट्रोलर), बी. शिवकुमार (चीफ एचएसई एंड एस)भारतेन्दु पांडे (सीएसओ) एवं बिजनेस पार्टनर लीडर्स की उपस्थिति में संपन्न हुई। डिप्टी डायरेक्टर आई एच एंड एस विजय सिंह पोटाई ने बालको द्वारा संयंत्र में सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति में सभी कर्मचारियों को जागरूक और सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कंपनी की ट्रैफिक मैनेजमेंट, वाहनों में डैश कैमरा, शॉप फ्लोर पर डिजिटल ज़ेब्रा क्रॉसिंग, मजबूत सुरक्षा प्रक्रियाएँ, मॉक ड्रिल के दौरान प्रभावी हैंड साइन एज, उचित संचार प्रोटोकॉल एवं उत्कृष्ट टीम मैनेजमेंट की प्रशंसा की। मॉक ड्रिल के उपरांत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी आपातकालीन सहयोगी संस्थान के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं पौधे भेंट किए गए। यह मॉक ड्रिल बालको की सुरक्षा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। नियमित अभ्यास, आधुनिक उपकरण और बेहतर समन्वय के माध्यम से बालको हर आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहता है। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।



स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com